आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 20 | उज्जैन, बुधवार 04 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 3 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% किया

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से जिस ट्रेड डील का इंतजार था, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसकी घोषणा कर दी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% कर दिया है। ट्रम्प ने अप्रैल में 25% रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) लगाया था और रूस से तेल खरीदने के कारण अगस्त में 25% पेनल्टी का ऐलान किया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया था। अब व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18% ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25% टैरिफ हटा देगा। ट्रम्प ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की।

### एअर इंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने अपने सभी 787 ड्रीमलाइनर विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की दोबारा जांच शुरू कर दी। यह फैसला लंदन के हीथ्रो से बेंगलुरु विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में गड़बड़ी के बाद लिया गया है। विमान में 200 यात्री सवार थे। एयर इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनीष उप्पल ने बोइंग 787 के पायलटों को ईमेल भेजकर यह जानकारी दी। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में 32 बोइंग 787 विमान हैं। मनीष उप्पल ने इमेल में बताया कि फ्यूल कंट्रोल स्विच के लैच की एहतियातन फ्लीट-वाइड री-इंस्पेक्शन की जा रही है। इंजीनियरिंग टीम को बोइंग कंपनी के पास भेजा है। कंपनी का जबाव आने तक,अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए सभी विमानों की जांच शुरू की गई है।

### फिल्म- धुरंधर 2 का टीजर रिलीज



हाथ में बंदूक, बदला और जुनून के साथ दिखा रणवीर सिंह का नया अवतार, डायलॉग डिलीवरी भी शानदार

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 का टीजर रिलीज हो चुका है। 1 मिनट 12 सेकेंड के इस टीजर में रणवीर सिंह एक बार फिर अपने दमदार और खतरनाक अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत रणवीर सिंह के नए लुक से होती है। हाथ में बंदूक, छोटे बाल और आंखों में झलकती लड़ाई की आग उनके किरदार को और भी ज्यादा खौफनाक बना देता है। जैसे-जैसे टीजर आगे बढ़ता है रणवीर सिंह एक बार फिर हमजा अली मजारी के किरदार में नजर आते हैं। टीजर देखने से लगता है कि धुरंधर 2 में हमजा की कहानी पर ध्यान दिया जाएगा। दिखाया जाएगा कि कैसे जसकीरत सिंह रंगी हमजा में बदलता है। साथ ही उसके और उसके परिवार के साथ क्या-क्या होता है। टीजर में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर. माधवन की भी झलक देखने को मिलती है। अर्जुन रामपाल का किरदार मेजर इकबाल है और वे फिल्म में मुख्य विलेन (आईएसआई एजेंट) की भूमिका निभा रहे हैं। संजय दत्त एसपी चौधरी असलम के किरदार में हैं, जबकि आर. माधवन एक बार फिर अजय सान्याल की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, टीजर में अक्षय खन्ना नजर नहीं आए। पहले पार्ट में उनके किरदार की मौत हो चुकी है, इसलिए इस बार फिल्म में उन्हें केवल फ्लैशबैक सीन के जरिए दिखाया जा सकता है। टीजर के आखिरी सीन में रणवीर सिंह का किरदार डायलॉग बोलता है- ये नया हिंदुस्तान है, ये घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।

### तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी 32 हजार रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद 3 फरवरी को तेजी है। वायदा बाजार में चांदी के दाम में करीब 32 हजार रुपए (13%) की बढ़त है। 1 किलो चांदी का भाव 2.68 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले तीन दिनों में चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। सोने में भी करीब 8 हजार रुपए (5%) की तेजी है। 10 ग्राम सोना 1.52 लाख रुपए पर है। बीते 3 कारोबार दिन में इसकी कीमत 26 हजार कम हुई थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, आज सराफा बाजार में चांदी 4,465 रुपए बढ़कर 2,63,965 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,783 रुपए बढ़कर 1,51,529 रुपए हो गया है।

### सेंसेक्स 2073 अंक चढ़ा वजह- ट्रम्प ने टैरिफ घटाया

**मुंबई।** शेयर बाजार में 3 फरवरी को तेजी रही। सेंसेक्स में 2073 अंक (2.54%) बढ़कर 83,739 पर बंद हुआ। निफ्टी में 639 अंक (2.55%) की तेजी रही, ये 25,728 पर बंद हुआ। ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है, जिस वजह से बाजार चढ़ा है। रियल्टी, मेटल और फार्मा शेयर में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 4.79% चढ़कर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में बढ़त रही। वहीं निफ्टी 50 शेयरों में से 46 शेयरों चढ़कर बंद हुए। 1 फरवरी को बजट में एसटीटी टैक्स बढ़ने के ऐलान के बाद सेंसेक्स 1,546 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ था। वहीं कल 2 फरवरी को सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर 81,666 पर बंद हुआ था।

## बोईंग सी-20 जैसे बड़े विमान उज्जैन की धरा पर उतर सकेंगे

# सिंहस्थ पूर्व दताना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा लेगा आकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ पूर्व उज्जैन के दताना स्थित वर्तमान हवाई पट्टी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे का आकार ले सकती है। यहां 4 किलोमीटर लंबा रनवे बनाने का प्रस्ताव है जिस परक बोईंग सी-20 जैसे विमान भी उतर सकेंगे। बकौल कलेक्टर रोशनकुमारसिंह हमारी और से एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को इसका प्रस्ताव गया है। इसके लिए करीब 400 एकड भूमि का अधिगृहण किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय मापदंड अनुसार एयरपोर्ट का रनवे 4 किलोमीटर का रहेगा।

एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को भेजे गए प्रशासनिक स्तर के प्रस्ताव ने अगर आकार लिया तो सिंहस्थ से पूर्व उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा आकार लेगा और यहां बड़े विमान भी उतर सकेंगे। पूर्व में यहां दताना-मताना हवाई पट्टी को एटीआर-72 जैसे छोटे विमानों के संचालन के अनुरूप विकसित किया जा रहा था, लेकिन जिला प्रशासन ने इसे और व्यापक रूप देते हुए शासन को संशोधित प्रस्ताव भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही उज्जैन में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा।

**उज्जैन के हवाई अड्डे का रनवे अंतर्राष्ट्रीय मापदंड अनुसार 4 किमी का रहेगा**

**उज्जैन एयरपोर्ट परियोजना**
- **स्थान :** दताना-मताना, उज्जैन-देवास मार्ग
- **जमीन अधिग्रहण:** करीब **400** एकड़
- **रनवे लंबाई :** **3600** से **4000** मीटर



### विक्रम उद्योगपुरी को मिलेगा आधार

दताना-मताना हवाई पट्टी को अगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का स्वरूप मिलता है तो ऐसे में विक्रम उद्योगपुरी क्षेत्र और अधिक विकसित होगा और देवासरोड पर विकास की भागीरथी बह निकलने की प्रबल स्थिति बन जाएगी। उद्योगपुरी में बड़े औद्योगिक मालिकों एवं अधिकारियों के आवागमन के लिए यह सुविधाजनक तो होगा ही साथ ही भारवाहक विमानों के उतरने में भी आसानी होगी और औद्योगिक क्षेत्र में मशीनों को लाना ले जाने में भी सुविधा हो सकेगी। इसके साथ मालवाहक की भी सहुलियत मिलना आसान होगा।

### सिंहस्थ के लिए होगी बड़ी सौगात

सिंहस्थ-2028 में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रशासन इस और तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसके चलते उज्जैन-देवास मार्ग पर स्थित दताना-मताना क्षेत्र में प्रस्तावित एयरपोर्ट को लेकर सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के बीच 1 नवंबर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एमओयू साइन किया गया था। इस समझौते के तहत 45 करोड की प्रारंभिक राशि एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को दी जा चुकी है। इसके बाद तकनीकी प्रक्रिया शुरू हुई और मिट्टी परीक्षण भी कराया गया। शुरूआती योजना के अनुसार रनवे 1800 मीटर का होना था, लेकिन अब इसे दोगुना कर करीब 4000 मीटर करने का प्रस्ताव है, ताकि बोइंग सी-20 जैसे बड़े विमानों का संचालन संभव हो सके। इसके बनने से उज्जैन की इंदौर पर निर्भरता खत्म होगी और पर्यटन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

## लोकसभा में राहुल के भाषण पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



लोकसभा में राहुल गांधी की स्पीच पर लगातार दूसरे दिन हंगामा हुआ। राहुल ने मंगलवार दोपहर 2 बजे पूर्व आर्मी चीफ की अनपब्लिश्ड बुक के आर्टिकल को सदन में पेश किया। कहा- मुझे बोलने दिया जाए। उनके यह कहते ही एनडीए के सांसदों ने टोकना शुरू कर दिया। आज वे 14 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे। इस बीच हंगामा तेज होता गया। राहुल ने सोमवार को भी 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश की थी। आज हंगामा बढ़ने पर स्पीकर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने राहुल को रोका और दूसरी पार्टियों के सांसदों को बोलने को कहा, लेकिन राहुल के समर्थन में सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल, टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय और डीएमके सांसद डी एम कातिर आनंद ने बोलने से इनकार कर दिया।

## प्रदेश में सरकार और खनन माफिया का गठजोड़ मजबूत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ छतरपुर



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी व राष्ट्रीय सचिव सहप्रभारी रणविजय लोचाव ने छतरपुर में नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पंचायत स्तर तक कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के अभियान में जीतू पटवारी जुटे हैं। उन्होंने पंचायत स्तरीय समितियों के गठन तथा जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर लेकर से विस्तार से चर्चा की। जीतू पटवारी ने कांग्रेस नेताओं को ईमानदारी से काम करने की नसीहत दी। वहीं, मोदी सरकार और मोहन सरकार को माफिया की सरकार बताया। पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मोहन यादव सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। जीतू पटवारी ने कहा मध्य प्रदेश में भाजपा, माफिया व अपराध एक साथ चल रहे हैं।

## मोदी ने देश बेचा, एपस्टीन फाइल्स से पीएम डरे हुए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी ट्रेड डील में देश बेच दिया है। आपकी मेहनत और खून-पसीने को बेच दिया, क्योंकि वे कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल ने कहा- नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन्होंने उनकी इमेज बनाई वे अब यह इमेज तोड़ रहे हैं। अमेरिका में अडाणी पर केस है, यह असल में मोदी पर केस है। वो मोदी जी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को टारगेट कर रहे हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि एपस्टीन फाइल्स में और भी बहुत कुछ है जो अमेरिका ने अभी तक रिलीज नहीं किया है। उसकी वजह से भी पीएम पर प्रेशर है। ये दो प्रेशर पॉइंट्स हैं। देश को यह समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री कॉम्प्रोमाइज्ड हैं।

## फिर 5200 करोड़ रूपए कर्ज ले रही मोहन सरकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश की मोहन सरकार एक बार फिर 5200 करोड़ का कर्ज लेने जा रही है। साल 2026 में सरकार दूसरी बार ऋण लेने जा रही है। जबकि चालू वित्तीय वर्ष में ये कर्ज 57,100 करोड़ लिया जा चुका हैं। इस तरह नया कर्ज लेने के बाद अब ये इसी चालू वर्ष में कुल 62,300 करोड़ रुपए का हो जाएगा। बता दें कि, राज्य सरकार साल 2026 में ही दूसरी बार कर्ज ले रही है। इस बार 7 फरवरी को 5200 करोड़ की राशि मिलेगी, जिसकी पहली किस्त 1200 करोड़ रुपए 7 साल के लिए ब्याज समेत भुगतान की तारीख 4 फरवरी 2033 तारीख की है। 2000 करोड़ का कर्ज 17 साल के लिए लिया जा रहा है जो 4 फरवरी 2043 तक के लिए है। जबकि, तीसरी किस्त 2000 करोड़ रुपए 22 साल की अवधि में ब्याज के साथ चुकता किया जाएगा।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## अगर ये हो गया तो हमारा रास्ता और सफल होगा

हमारे शहर में मात्र 13 किलोमीटर दूर अगर औद्योगिक क्षेत्र के पास में हवाई अड्डा बन गया तो इस शहर की बल्ले झ्र बल्ले होने से कोई नहीं रोक सकता है। बात यह नहीं है कि वहां से बहुत रोजगार मिल जाएगा। पूरे 40 साल का हिसाब पडोसी से चुकता हो जाएगा। हर बार धार्मिक नगरी के लिए आने वाली प्रगति को खाकर बैठा और अब भी हमारे कोल को बराबर खा रहा है। देवास रोड पर अगर हवाई अड्डा आ गया तो हमारे और पडोसी जिले के विकास के रास्ते अलग झ्रअलग हो जाएंगे।

खुसूर फुसूर

अभी हमारे विकास का रास्ता उनके इधर से होकर जाता है जिस–का काफी हिस्सा उनकी झोली में चला जाता है। हमारी निर्भरता उनपर ज्यादा है। यही कारण है कि शहरी विकास से लेकर अन्यानेक मामलों में हमें एक मात्र इंदौर रोड ही दिखाई देता है। यहां तक की प्रगति के शहर के रूप में भी पडोस में यही शहर दिखाई देता है। देवास रोड पर हवाई अड्डे के आ जाने से देवास मार्ग पर बूम होगा और उसके बाद बल्ले झ्रबल्ले हो जाना तय है। अभी हमारे यहां आने वाले बडे श्रद्धालु इनके यहां होटलों में रात को रूकते हैं,उनके यहां से कार टैक्सी लेते हैं उज्जैन आते हैं बाबा के दर्शन करते हैं हम उनका सम्मान करते हैं और वे रवाना हो जाते हैं। उनके यहां की होटल वालों को मिला,टैक्सी वाले को मिला। शाप वालों को कुछ न कुछ मिलता है। उज्जैन वालों को क्या मिलता है– ठुल्लू। हमारे यहां हवाई अड्डा होगा। नाईट लैंडिंग होगी तो आने वाले श्रद्धालु उनके यहां नहीं हमारे यहां ही आएगा। रूकेगा। हवाई अड्डे के पास की होटलों में रात्रि विश्राम करेगा। आसपास के शाप से खरीदी करेगा। हवाई अड्डे की इस योजना को हर हाल में अमल में लाना चाहिए। स्मरण रखा जाए पडोसी का मेहमान पडोसी का ही होता है आपका नहीं। खुसूर–फुसूर है कि विकसित भारत 2047 के तहत देश में जो हवाई अड्डे बनने हैं उनमें उज्जैन को भी लाभ ले ही लेना चाहिए। 400 कुल होना हैं अभी मात्र 167 ही हैं ऐसे में देश के हवाई मार्ग में अगर हम शामिल हो गए तो हमारी प्रगति को नया सौपान मिल सकेगा। हमारा मार्ग पडोसी से अधिक निखर जाएगा। जैसे हम अभी उस पर निर्भर हैं वैसे ही पास के हमारे संभाग के तीन जिले हम पर निर्भर हो जाएंगे और वे भी प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढने लगेंगे।

## ट्रैंडिंग




## 'व्यापार मेले से संबंधित कार्य निश्चित समय अवधि में पूर्ण करें'

**उज्जैन।** व्यापार मेला 2026 जो कि फरवरी माह में 15 तारीख महाशिवरात्रि से 19 मार्च गुड़ी पड़वा तक प्रस्तावित है मेले से संबंधित नगर निगम की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा निगम अधिकारियों के साथ व्यापार मेले आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक की गई। निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा अधिकारियों से चर्चा करते हुए व्यापार मेले आयोजन को लेकर चर्चा की गई जिसमें अधिकारियों द्वारा बताया कि वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है फरवरी माह में 15 तारीख महाशिवरात्रि पर्व से 19 मार्च गुड़ी पड़वा तक प्रस्तावित व्यापार मेले में नगर निगम द्वारा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती है इसके लिए मेले का लेआउट डालने का कार्य, शौचालय की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई, सिविल वर्क, कंट्रोल रूम, इत्यादि जो भी व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करें बैठक में अपर आयुक्त श्री संतोष टैगोर, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, श्री मनोज मौर्य, कार्यपालन यंत्री श्री वैभव भावसार, श्री पलाश शर्मा, श्री जगदीश मालवीय, सहायक आयुक्त श्री प्रफुल्ल गठरे, श्री प्रदीप सेन, सहायक यंत्री, जनसंपर्क अधिकारी श्री पवन कुमार उपस्थित रहें।

### एक करोड की राशि एवं मकान की घोषणा कागजों तक ही सिमट गई, उज्जैन निवासी वनरक्षक देवास के पूंजापुरा में शिकारियों ने गोली मारी थी

# वन शहीद के परिजनों को 5 साल में भी नहीं मिला सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के गढकालिका रोड जानकी नगर के निवासी वनरक्षक मदनलाल वर्मा 58 वर्ष को 4-5 फरवरी 2021 को पूंजापुरा के जंगलों में शिकारियों ने निडरता के साथ कर्त्तव्य को अंजाम देने के दौरान गोली मार दी थी। तत्कालीन स्थितियों में उन्हें शहीद के समकक्ष दर्जा देने के साथ परिजनों को एक करोड की सम्मान निधि एवं मकान देने की घोषणा पूरे 5 साल बाद भी कागजों तक सिमटी हुई है। सभी अपराधियों को 10-10 साल की सजा न्यायालय दे चुका है।

वर्ष 2021 में देवास वनमंडल में पदस्थ वनरक्षक मदनलाल वर्मा के साथ पूंजापुरा रेंज अंतर्गत शिकारियों ने वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने आकस्मिक



मदनलाल वर्मा, वनरक्षक



बैठक आहुत करते हुए घोषणा की थी। इन घोषणाओं पर 5 साल बाद भी विभाग एवं शासन अमल नहीं कर सका है। मात्र उनके पुत्र को नौकरी देने का पत्र तत्कालीन वन मंत्री ने उनके घर उज्जैन पहुंचकर दिया था। तत्कालीन देवास डीएफओ पीएन मिश्रा के प्रयासों से मामले में अपराधियों को पकडे जाने एवं उनके विरूद्ध पुख्ता सबूत एवं गवाह पेश किए जाने की स्थिति में न्यायालय ने आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया था।

### ये घोषणा की गई थी

घटना के बाद आपात बैठक में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान ने देवास जिले में वनरक्षक और ग्वालियर में पुलिस निरीक्षक पर अपराधी तत्वों द्वारा हमले की घटना को दु:खद बताया। श्री चौहान ने कहा था कि देवास में शिकारियों की गोली से मृत वन रक्षक मदनलाल वर्मा को शहीद के समकक्ष दर्जा दिया जाएगा। उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी, एक करोड़ रुपए और एक मकान दिया जाएगा। तत्कालीन प्रमुख सचिव वन अशोक वर्णवाल ने भी वन रक्षक को शहीद के समकक्ष दर्जा मिलने पर उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी, एक करोड़ रुपए और एक मकान दिया जाने की बात कही थी।

### निडरता से विडियो बनाया

वन मंडल देवास की पुंजापुरा रेंज की बीट रतनपुर के फॉरेस्ट गार्ड मदनलाल वर्मा (58 वर्ष) की लाश 4 एवं 5 फरवरी 2021 की मध्यरात्रि में मिली थी। बाद में जांच में सामने आया था कि गश्त के दौरान शिकारियों ने गार्ड को गोली मारी। गार्ड के मोबाइल की रिकॉर्डिंग चालू होने से उसमें दर्ज वीडियो सामने आने पर पता चला था कि फॉरस्ट गार्ड बाइक पर था और शिकारियों का पीछा कर रहा था। तभी शिकारियों ने कहा कि गोली मार दे, पीछा नहीं छोड़ रहा। वीडियों में साफ है कि गार्ड ने आखिरी दम तक संघर्ष किया। देवास जिले के उदयनगर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया गया था। फारेस्ट गार्ड का पार्थिव शरीर उज्जैन स्थित जानकीपुरा में उनके घर लाया गया था। उनके परि–वार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है।

# नगर निगम की जल सुनवाई में 07 शिकायतें प्राप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव के निर्देशानुसार नागरिकों की पेयजल संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु मंगलवार को शहर के 10 स्थलों जिसमें गुदरी चौराहा पानी की टंकी, चार धाम टंकी, रवि शंकर नगर टंकी, नागझिरी टंकी, सुभाष नगर टंकी, पार्श्वनाथ टंकी, बसंत विहार टंकी, देवास गेट टंकी, नगर निगम मुख्यालय, कलेक्टर भवन पर जल सुनवाई का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक किया गया, जिसमें विभिन्न लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं।

# महाकाल क्षेत्र के व्यापारियों का 119 दिन से धरना जारी



### समाधान न मिलने पर सुंदरकांड पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि की प्रार्थना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में महाकाल मंदिर क्षेत्र के फुटपाथ व्यापारी अपनी मांगों को लेकर 119 दिनों से धरना दे रहे हैं। समाधान न मिलने पर उन्होंने धरना स्थल पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें बिना पूर्व सूचना के हटाया गया है और सरकार तथा प्रशासन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है।

व्यापारियों ने सरकार और प्रशासन को सद्बुद्धि देने तथा अपनी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की प्रार्थना के उद्देश्य से यह धार्मिक आयोजन किया। उनका कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा है, जिससे वे आहत हैं।

संघ अध्यक्ष कालूराम चौहान ने बताया कि वर्ष 2014 में संसद द्वारा पारित पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम को मध्य प्रदेश में आज तक प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कानून लागू हुए 11 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन न तो पथ विक्रेताओं का विधिवत सर्वे हुआ है और न ही उनके स्थायी संरक्षण या पुनर्वास की कोई ठोस व्यवस्था की गई है।

व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण सैकड़ों छोटे व्यापारियों की आजीविका संकट में पड़ गई है। वे लंबे समय से मंदिर प्रशासन और नगर निगम से संवाद और समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी बातों पर कोई सुनवाई नहीं हुई है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सुंदरकांड पाठ के बाद भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो उज्जैन से लेकर भोपाल तक बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर अखाड़ा के संतों द्वारा विधिवत सुंदरकांड का पारायण किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में व्यापारी और उनके समर्थक शामिल हुए।

# स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचे में बदलाव

### विशाल बजट का उपयोग जर्जर पाइपलाइनों की मरम्मत करने और उन्हें बदलने के लिए किया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सूबे की मोहन यादव सरकार पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचे में बदलाव करने जा रही है। मुख्यमंत्री शहरी विकास अधोसंरचना-5 के तहत 5,000 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। इस विशाल बजट का उपयोग जर्जर पाइपलाइनों की मरम्मत करने और उन्हें बदलने के लिए किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से अमृत परियोजनाओं के अंतराल को भरा जाएगा और लंबे समय से लंबित सीवरेज व वाटर सप्लाई के कार्यों को गति दी जाएगी।



इंदौर के भागीरथपुरा जैसी जल प्रदूषण की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए राज्य सरकार ने 10 जनवरी से एक राज्यव्यापी स्वच्छ जल अभियान संचालित किया है। जल सुरक्षा, जल संरक्षण, जल जागरूकता और जल सुनवाई की थीम पर आधारित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपूर्ति किए जा रहे पानी की गुणवत्ता की जांच करना और जल प्रदाय प्रणाली में जनता का भरोसा बहाल करना है। इस अभियान के तहत अब तक 90,453 पानी के नमूने लिए गए, जिनमें से 973 सैंपल फेल पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 9,801 अमृत मित्र महिलाएं घर-घर जाकर पानी के सैंपल एकत्र करने के इस महत्वपूर्ण कार्य में जुटी हुई हैं। पारदर्शिता और जन-सुनवाई के लिए हर मंगलवार को विशेष जल सुनवाई आयोजित की जा रही है। इस पहल के माध्यम से पानी के प्रदूषण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से सुलझाया जा रहा है। इस अभियान की थीम है जल सुरक्षा, जल संरक्षण, जल जागरूकता यानी जल सुरक्षा, जल संरक्षण, जल सुनवाई।

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी जल प्रदाय प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए सप्लाई लाइनों और सीवर लाइनों के लीकेज और क्रॉसिंग पॉइंट्स की पहचान की जा रही है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक पहचाने गए 15,718 लीकेज में से 14,661 की मरम्मत पूरी की जा चुकी है। इसके साथ ही , पूरे प्रदेश में 3,298 ओवरहेड टैंकों में से 3,144 टैंकों की सफाई का कार्य संपन्न हो चुका है, ताकि जमा गंदगी से पानी दूषित न हो। पेयजल स्त्रोतों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश के 21,215 ट्यूबवेलों में से 9,668 की गुणवत्ता जांच की गई है। इस जांच के दौरान 185 ट्यूबवेल प्रदूषित पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से पीने के पानी के उपयोग के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर शहर और गांव ह्यवाटर सेफह्न (पानी के मामले में सुरक्षित) बने और नागरिकों को शुद्ध जल का मौलिक अधिकार मिल सके।

# 19 साल बाद 6 ग्रहों के विशेष योग में महाशिवरात्रि

### भक्तों के लिए यह विशेष फलदायी, महाकाल मंदिर में तैयारियां शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी और चतुर्दशी के संधिकाल में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस साल महाशिवरात्रि 15 फरवरी, रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन सूर्य, बुध, शुक्र और राहु कुंभ राशि में, केतु सिंह राशि में और चंद्रमा मकर राशि में गोचर करेगा।

ऐसे में त्रिकोण योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है, जिसे विशेष फलदायी माना जाता है।

पूरे साल में आने वाली 12 शिवरात्रियों में फाल्गुन मास की शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहा जाता है। ज्योतिष पंडित अमर डिब्बावाला के अनुसार, इस बार ग्रहों का दुर्लभ पुनरावृत्ति योग बन रहा है। इससे पहले ऐसा संयोग 2007 में बना था। करीब 19 साल बाद एक बार फिर इन्हीं ग्रहों की स्थिति में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा।




### महाकाल मंदिर में तैयारियां शुरू

12 ज्योतिलिंगों में से एक महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 6 फरवरी से शिवरात्रि पर्व के तहत मंदिर के मुख्य शिखर की धुलाई, मंदिर परिसर की रंग-रोगन, कोटितीर्थ कुंड की सफाई और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया है। मंदिर प्रांगण में स्थित 40 मंदिरों की पुताई का काम अंतिम चरण में है।

इस संबंध में मंगलवार शाम कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक और समिति सदस्यों के साथ बैठक कर दर्शन व्यवस्था को अंतिम रूप देंगे।

### चार प्रहर की पूजा से मिलती है सिद्धि और सफलता

शिव महापुराण के अनुसार महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की कृपा पाने के लिए चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है। यह पूजा प्रदोष काल से लेकर निशिथ काल (मध्य रात्रि) और ब्रह्म मुहूर्त तक की जाती है। इस दौरान श्रद्धालु अपने संकल्प के अनुसार सपरिवार या साधक विशेष पूजा-अनुष्ठान कर सकते हैं।

### सूर्य के इस नक्षत्र परिवर्तन से आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकता है

# 6 फरवरी से इन राशि वालों की चमकेगी किस्मत, होगा लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिषियों के मुताबिक, फरवरी माह कुछ राशि वालों के अत्यंत शुभ रहने वाला है। माह के प्रारंभ में जहां बुध कुंभ में गोचर कर रहे हैं, वहीं ग्रहों के राजा सूर्य भी नक्षत्र परिवर्तन करने जा रहे हैं। वह 6 फरवरी 2026 को मंगल के स्वामित्व वाले धनिष्ठा नक्षत्र में अपना स्थान लेंगे। ज्योतिष में सूर्य और मंगल में मित्रता मानी जाती है, इसलिए यह गोचर कई राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ संकेत लेकर आ रहा है। इस दौरान कुछ जातकों के आत्मविश्वास, साहस और आगे बढ़ने की प्रेरणा को मजबूती प्राप्त हो सकती हैं और उनके रुके हुए कार्य पूरे होने के योग हैं। आइए इन राशियों को जानते हैं।

### मेष राशि

सूर्य के इस नक्षत्र परिवर्तन से आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। नई नौकरी की प्राप्ति होगी और करियर-कारोबार में प्रगति के योग बन रहे हैं। इस दौरान सूर्य के प्रभाव से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपकी मेहनत रंग लाएगी। मेष राशि वालों को धन लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नए लोगों




से मुलाकात होगी, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। निवेश के लिए समय शानदार रहने वाला है।

### कन्या राशि

कन्या राशि वालों के लिए समय शुभ रहने वाला है, क्योंकि आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कन्या राशि वालों के परिवार में सुख-शांति और खुशियों का माहौल रहेगा। आपको लाभ के कई अवसर मिलेंगे, जिनका सही समय पर फायदा उठाने से उन्नति के मार्ग खुलेंगे। इस दौरान विवाह के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होंगी। व्यवसाय को आगे बढ़ाने की कोशिशें सफल होंगी। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

### मकर राशि


मकर राशि वालों को धन लाभ होगा और रिश्तों में प्रेम बढ़ेगा। लव पार्टनर के साथ बेहतर तालमेल देखने को मिलेगा। छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं और मन प्रसन्न रहेगा। छोटी दूरी की यात्रा पर निकल सकते हैं, जो संपर्कों को बढ़ाने वाली साबित होगी। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

उज्जैन | बुधवार 04 फरवरी, 2026 | www.awantika.com 03




## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर के राजवाड़ा से शर्मनाक वीडियो वायरल

**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ और व्यवस्थित शहरों में शुमार इंदौर एक बार फिर अपनी सामाजिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। शहर के ऐतिहासिक और अत्यंत व्यस्त क्षेत्र राजवाड़ा में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर की गई आपत्तिजनक हरकतों का मामला सामने आया है, जिसने न केवल राहगीरों को असहज किया, बल्कि प्रशासनिक सतर्कता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय राजवाड़ा क्षेत्र में भारी भीड़ मौजूद थी। बाजार, पर्यटन और आवागमन के चलते यहां महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे बड़ी संख्या में रहते हैं। ऐसे में खुलेआम की गई इन हरकतों से लोगों में नाराजगी और आक्रोश देखा गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि घटनास्थल पर मौजूद भीड़ ने तत्काल विरोध या हस्तक्षेप नहीं किया और अधिकांश लोग मूकदर्शक बने रहे। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद शहर में चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जिस इलाके में दिन-रात पुलिस गश्त रहती है, वहां इस तरह की हरकतें कैसे हो गईं। वहीं कई नागरिकों ने इसे इंदौर की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य बताया है।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स में लय ने जीता रजत

**उज्जैन।** भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत हुई राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के लय शर्मा उपविजेता बने। उन्हें रजत पदक मिला। प्रतियोगिता के अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव थे। लय ने कई मुकाबलों में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों को हराया। उनकी सफलता पर उज्जैन के शिक्षा जगत और खेल विभाग ने हर्ष व्यक्त किया है।



### दो दिवसीय राग अमीर का आयोजन 4 एवं 5 फरवरी को

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले प्रतिष्ठित सांगीतिक आयोजन राग अमीर का दो दिवसीय आयोजन इस वर्ष 04 एवं 05 फरवरी को किया जाएगा। यह आयोजन महान संगीतज्ञ उस्ताद अमीर खाँ की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से किया जाता है। यह आयोजन भारतीय शास्त्रीय संगीत के गायन एवं वादन पर केंद्रित है, जिसमें देश एवं प्रदेश के लब्धप्रतिष्ठित एवं साधनारत वरिष्ठ तथा युवा कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वरांजलि अर्पित करेंगे। उक्त आयोजन जिला प्रशासन इंदौर के सहयोग से साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में किया जाएगा।

# कोर्ट ने सुनाई दस साल की सजा, अर्थदंड भी लगाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बड़वानी की तृतीय जिला एवं सत्र न्यायालय ने महिला पटवारी के साथ दुष्कर्म और प्रताड़ना के गंभीर मामले में तत्कालीन एसडीएम (सेंधवा) और वर्तमान उज्जैन डिप्टी कलेक्टर अभय सिंह खराड़ी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी अफसर को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1 लाख 1 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

फैसले के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपी डिप्टी कलेक्टर को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इस मामले में एफआईआर के बाद फरार होने पर 4 मई 2024 को बड़वानी पुलिस ने खराड़ी को भोपाल से गिरफ्तार किया गया था। उस वक्त तत्कालीन उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने उन्हें सस्पेंड किया था। तभी से वह सस्पेंड थे। अभियोजन के अनुसार, आरोपी अभय सिंह खराड़ी वर्ष 2016 से 2024 के बीच महिला का लगातार यौन शोषण करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने अपने पद का रसूख दिखाकर 4 से 5 बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। 2023 में आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी थी।



### ब्लैकमेलिंग और सिंदूर भरकर तस्वीरें लीं

न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार, आरोपी अफसर महिला को मानसिक रूप से भी प्रताड़ित करता था। वह महिला के आने वाले रिश्तों को तुड़वा देता था और फोन पर तेजाब डालने और अपहरण करने की धमकी देता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे बेहोश कर उसकी मांग में सिंदूर भर फोटो खींची थी, ताकि समाज में उसे अपनी पत्नी बताकर बदनाम और ब्लैकमेल कर सके।

## राजकुमार और शास्त्री ब्रिज के नीचे अतिक्रमण हटाया

# बाकी जगह 15 दिन में कार्रवाई करे नगर निगम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में तमाम ब्रिज के नीचे अतिक्रमण, कब्जे, नशाखोरी किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सोमवार को हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने सुनवाई की। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया कि राजकुमार और शास्त्री ब्रिज के नीचे तो नगर निगम ने अतिक्रमण हटाया है, लेकिन भंडारी ब्रिज के नीचे, रेलवे स्टेशन के सामने की सड़कों पर 24 घंटे खड़े रहने वाले ऑटो रिक्शा, फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

पीपल्याहाना चौराहे से बंगाली तक के हिस्से में ट्रैवल्स की बसों का कब्जा रहता है। शाम 7 से रात 11 बजे तक बसें निकलती हैं तो ट्रैफिक जाम होता है। मूसाखेड़ी, आईटी पार्क, बिजलपुर चौराहे पर लोग परेशान हो रहे हैं। हाई कोर्ट ने निगम को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता के द्वारा बताए गए स्थानों का निरीक्षण कर 15 दिन में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। याचिकाकर्ता पुनीत शर्मा की ओर से अधिवक्ता अनिल ओझा पैरवी कर रहे हैं।



### नशा करने वालों का वीडियो दिखाया

याचिकाकर्ता ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के ऑफिस के समीप सर्विस रोड पर खड़ी रहने वाली बसों के ड्राइवर का वीडियो कोर्ट को दिखाया। कई लोग चिलम पीते हुए इसमें दिख रहे हैं। वीडियो में यह भी दिखाया कि किस तरह बसों की वजह से वहां बार-बार ट्रैफिक जाम लगता रहा। पुलिस ने खुद माना है कि बसों की वजह से दिक्कत हो रही है। हाई कोर्ट के समक्ष यातायात पुलिस का कलेक्टर को लिखा पत्र भी पेश किया गया। इसमें उल्लेख किया गया है कि रेडिसन चौराहे से राजीव प्रतिमा तक ट्रैवल्स की बसों का परिवहन प्रतिबंधित किया जाए।

## जल परिवहन कराने वाली एजेंसियों की शिप्रा के लिए रुचि

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शिप्रा नदी में जल परिवहन की सुविधा मुहैया करवाने के लिए पांच एजेंसियों ने रुचि दिखाई है। इन्होंने अपने प्रस्ताव दिए हैं। ये वे एजेंसियां हैं जो कि वर्तमान में अयोध्या, काशी, बनारस, मुंबई-गोवा और मंदसौर के गांधीसागर बांध में जल परिवहन की सुविधा दे रही है। सिंहस्थ 2028 में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान हैं। ऐसे में भीड़ प्रबंधन बड़ी चुनौती रहने वाली है। लिहाजा शासन-प्रशसान परिवहन से जुड़े सड़क-हवाई व रेलवे की सुविधाओं में विस्तार कर रहा है। इनके अलावा पहली बार ये प्रयास भी किए जा रहे हैं कि शिप्रा नदी में शनि मंदिर से कालियादेह महल तक के 15 किमी में जल परिवहन की सुविधा श्रद्धालुओं को मिले। इसके लिए स्मार्ट सिटी ने 28 जनवरी तक पीपीपी के तहत नाव-क्रूज संचालन से जुड़ी निजी एजेंसियों से प्रस्ताव व सुझाव आमंत्रित किए थे। अच्छी बात यह कि उज्जैन की शिप्रा में जल परिवहन की सुविधा मुहैया करवाने के लिए पांच बड़ी और नामी-अनुभवी एजेंसियों ने रुचि दिखाई है। इनसे प्राप्त प्रस्तावों का स्मार्ट सिटी के अधिकारी एनालिसिस कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर सिंहस्थ के पहले शिप्रा में जल परिवहन की सुविधा शुरू करवा दी जाएगी।

## अप्रैल से 24 घंटे खुलेगा रनवे इंडिगो संकट से उबरा एयरपोर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

दिसंबर 2025 में इंडिगो एयरलाइंस के 'क्रू संकट' के कारण पिछड़ने के बाद जनवरी 2026 में इंदौर एयरपोर्ट ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी में यात्रियों की संख्या में 28 हजार से ज्यादा का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार जनवरी में इंदौर से 2,882 उड़ानों का संचालन हुआ, जिनसे 3 लाख 97 हजार 98 यात्रियों ने सफर किया। वहीं दिसंबर में उड़ानों का आंकड़ा 2,649 था और यात्री संख्या 3.68 लाख के करीब थी। यानी एक महीने में ही 233 उड़ानें और 28,638 यात्री बढ़ गए हैं। इंदौर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार ने बताया कि वर्तमान में रनवे की मरम्मत के कारण रात में 8 घंटे एयरपोर्ट बंद रहता है। वे कहते हैं कि हमारी कोशिश है कि मार्च अंत तक काम पूरा कर लिया जाए। अप्रैल से एयरपोर्ट 24 घंटे खुला रहेगा, जिससे इंदौर को कई नई उड़ानें मिलेंगी और यात्री संख्या में बड़ा उछाल आएगा।



**एग्जाम सीजन के बाद दिखेगा 'बूम'-** ट्रेवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमूल कटारिया के अनुसार फरवरी और मार्च की शुरूआत में परीक्षाओं के कारण ट्रैफिक स्थिर रह सकता है, लेकिन मिड-मार्च और अप्रैल में छुट्टियां शुरू होते ही यात्रियों की संख्या 5 लाख के पार जा सकती है। टूरिस्ट्स ने अभी से समर वेकेशन के लिए बुकिंग शुरू कर दी है।

## निगम मंडल की सूची के साथ एल्डरमैन के नाम भी घोषित होंगे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

निगम मंडल के अध्यक्षों के साथ अब इन्दौर के एल्डरमैन के नामों पर भी विचार विमर्श शरू हो गया है और इसके लिए विधायकों से नाम भी मांग लिए गए है। जिससे जल्दी ही घोषणा होने वाली है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से निगम मंडल की नियुक्ति को लेकर चचाएं चल रही थी। भोपाल में एक बड़ी बैठक भी तीन-चार दिनों पहले हुई थी,जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिवप्रकाश दफ्तर पहुंचे थे यहां पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई दिग्गज मौजूद थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव की रजामंदी भी इसमें शामिल की गई है और जल्द ही निगम मंडल में बची हुई नियुक्तियां होने वाली है जिसको लेकर बड़े नेताओं से बातचीत हो चुकी है।



बताते है कि जनवरी खत्म हो चुका है और फरवरी में अधिकांश नियुक्तियां करना है क्योंकि ढाई साल का समय बचा है। इसलिए बाकी नियुक्तियों के लिए चर्चा की जा सकें। निगम मंडल अध्यक्ष के साथ एल्डरमैन के नाम को लेकर भी चर्चाएं चल पड़ी है। विधानसभा 1 से राजकुमार शर्मा, अजय कुशवाह, 2 से राधा राठौर, ब्रजेश शक्ला, 3 से शिव वर्मा, बबलू मित्तल, 4 से राजकुमार सोलंकी, महेश कुकरेजा, 5 से महेश जोशी व देवेश जाजोदिया का नाम शामिल है। राऊ से एमएस शर्मा और पालीवाल का नाम शामिल है। हालांकि ये सूची नगर कार्यकारिणी के पहले दी गई थी। इसमें से कुछ नगर की टीम में भी शामिल हो गए है। बताते है कि एल्डरमैन को लेकर घमासान शरू हो गया है। जहां विधायक और दूसरे नेता का वर्चस्व है वहां पर जरूर उठापटक चल रही है।

एक और दो नंबर में कोई झंझट नहीं है और बाकी विधानसभाओं में दिक्कत है। तीन नंबर में विधायक गोलू शुक्ला के साथ आकाश विजयवर्गीय का भी दखल है। चार नंबर में विधायक मालिनी गौड़ के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी अपने समर्थकों को जगह देने की कोशिश में है। राऊ में भी मधु वर्मा और जीतू जिराती के बीच लड़ाई है।



## बिना जांच नहीं कटेंगे नाम, आयोग ने जारी किए निर्देश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में मचे घमासान ने अब प्रदेश स्तर पर हलचल मचा दी है। 22 जनवरी को कांग्रेस द्वारा लगाए गए चुन-चुनकर नाम काटने के आरोपों के ठीक 8 दिन बाद, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने भोपाल से सख्त फरमान जारी किया है। इस आदेश ने उज्जैन प्रशासन को उन शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर दिया है, जिन्हें विधायक महेश परमार ने कलेक्टर के समक्ष प्रमुखता से उठाया था। मालूम हो कि 10 दिन पहले 22 जनवरी को तराना विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार और पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर ने कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर गंभीर आरोप लगाए थे। विधायक का दावा था कि सत्ताधारी दल के दबाव में बीएलओ के जरिए कांग्रेस विचारधारा वाले वोटरों के नाम हटाए जा रहे हैं।

# मप्र कांग्रेस में जिला कार्यकारिणी का गठन शुरू

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुटा संगठन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मिशन-2028 की तैयारियों में जुटी मप्र कांग्रेस कमेटी ने लंबे इंतजार के बाद जिला कार्यकारिणी का गठन शुरू कर दिया है। पार्टी दो दिन में चार जिलों-सागर, छिंदवाड़ा, मऊगंज व झाबुआ की कार्यकारिणी घोषित कर चुकी है।आने वाले दिनों में चरणबद्ध तरीके से अन्य जिलों की कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। इस महिने के अंत तक सभी जिलों की कार्यकारिणी का हो जाना तय माना जा रहा है। गठन तक सभी 71 जिलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाए। हालांकि यह किसी चुनौती से कम नहीं है।





बता दें कि मप्र में जिला कांग्रेस अध्यक्षों की घोषणा अगस्त में हुई थी, लेकिन जिलाध्यक्ष बने पांच माह बीत जाने के बाद भी जिला कार्यकारिणी की घोषणा नहीं किए जाने से स्थानीय नेताओं में असंतोष पैदा होने लगा है। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी संगठन के गठन में देरी को लेकर भोपाल में मीडिया से चर्चा में कहा था कि जितनी जल्दी संगठन मजबूत ढांचे में बदलेगा, उतनी ही बेहतर चुनावी तैयारी होगी। हम जितनी जल्दी संगठन बनाएंगे, उतनी ही मजबूती से चुनाव की तैयारी कर पाएंगे। इसके तीन दिन बाद शुक्रवार को पीसीसी ने तीन जिला कार्यकारिणी और 18 जिला संगठन महासचिवों की घोषणा कर दी। इस समय जिला, ब्लॉक, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर नियुक्तियां की जा रही है।

### 800 से ज्यादा ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां की जा चुकी

वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अधिकतर जिला कार्यकारिणी के नाम फाइनल हो गए हैं। उनकी औपचारिक घोषणा होना बाकी है। कुछ जिलों की कार्यकारिणी के नामों पर मंथन चल रहा है। कार्यकारिणी के साथ ही पार्टी करीब 250 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की तैयारी में है। अब तक 800 से ज्यादा ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं।



न्यूज-कॉलम



## प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ने आम बगीचों का किया अवलोकन

**आलीराजपुर।** आम के बगीचों के लिए प्रसिद्ध कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में आज प्रभारी कलेक्टर श्री जितेंद्र सिंह चौहान ने नूरजहां मैंगो फार्म का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बगीचे में लगी विभिन्न किस्मों के आम के पेड़ों का अवलोकन किया। मैंगो फार्म में लंगड़ा, हापुस, केशर, श्रीदेवी, दाड़म, मदासी, माधुरी, दशहरी, शाहजहां, गुलाब केशर, मल्लिका, 35 प्रशांत, केशवंटी सहित अनेक प्रजातियों के आम के पेड़ लगाए गए हैं। प्रभारी कलेक्टर श्री चौहान ने बगीचे के प्रबंधन से आम की विभिन्न किस्मों, फसल उत्पादन, फलों की गुणवत्ता, बाजार मूल्य, उत्पादन मात्रा तथा लागत से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बगीचे प्रबंधन से आम की ब्रांडिंग एवं बेहतर विपणन व्यवस्था विकसित करने को कहा। इस अवसर पर तहसीलदार श्री सुनील डावर, नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा, जनपद सीईओ श्री गोपाल शरण प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रोहिणी पवार को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नियुक्त किया



**बुरहानपुर।** सहायक संचालक शिक्षा और अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक रोहिणी पवार को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नियुक्त किया गया है। कलेक्टर हर्ष सिंह ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। यह पद 31 जनवरी को तत्कालीन प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र महाजन के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली हुआ था। इसके बाद रोहिणी पवार को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पवार को अगले आदेश तक अस्थायी रूप से बुरहानपुर के जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार और आहरण-संवितरण के अधिकार दिए गए हैं। पवार ने सोमवार को ही प्रभारी डीईओ के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद कर्मचारी संगठनों और पालक महासंघ ने डीईओ कार्यालय पहुंचकर उनका स्वागत किया।

## विकसित भारत की आर्थिक नींव मजबूत करने वाला है केंद्रीय बजट–योगेश मेहता



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बुरहानपुर द्वारा सोमवार को केंद्रीय बजट 2026 एवं वीबीझजी रामजी योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं मध्यप्रदेश इंडस्ट्रीज ऑफ एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष योगेश मेहता ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश को आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में आगे ले जाने वाला बजट है। यह बजट उद्योग, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगा तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनसे गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।

## रविदास घाट पर समग्र हिंदू समाज ने 2121 जलाए, महाआरती की



**उज्जैन।** सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद मप्र एवं श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ मप्र के तत्वावधान में संत रविदास जयंती पर शिप्रा तट संत रविदास घाट पर समग्र हिंदू समाज ने दीपोत्सव में 2121 जलाए और संतश्री की महाआरती की।

## ग्राम पंचायतों में किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 11 जनवरी से 11 फरवरी तक जिले मे कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे उद्यानिकी, पशुपालन, आत्मा, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिकी तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों को दी जा रही। आज 3 फरवरी को विकासखंड आलोट के साँगाखेडा, खारवाखुर्द, किशनगढ़, थम्बगुराडिया विकासखंड बजाना के उमर, आमलीपाडा, बिलडी, विकासखंड पिपलोदा के कांसेर, भाटखेडा, चिकलाना विकासखंड सैलाना के कांगसी, सुंडी विकासखंड रतलाम के पंचेड, नामली, पलटूना विकासखंड जावरा के रिंगनोद, गोठडा, कामलिया में कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, पराली न जलाने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देना, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, के संबंध में कृषकों को जानकारी दी गई।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाएगा-पाटिल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को लोकसभा में बजट पेश किया गया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा बुरहानपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने जहां इस बजट को लोकसभा सत्र में देखा और सुना वही पूरे देश में भाजपा संगठन द्वारा जिला एवं मंडल स्तर पर बड़ी टीवी स्क्रीन के माध्यम से बजट की प्रस्तुति को कार्यकर्ताओं ने देखा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया बताया कि केंद्रीय बजट विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाएगा।

आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के साथ सभी की उम्मीदों को पूरा करने वाला है बजट, बजट के प्रावधानों से मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग और प्रशस्त होगा। वही इस बजट का लाभ मैं मेरे संसदीय क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा। सांसद श्री पाटिल ने बताया कि

यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर और उच्च स्थान पर पहुंचाएगा। निर्माण, विकसित भारत और आर्थिक आत्मनिर्भरता की परिकल्पना को साकार करेगा। प्रधानमंत्री जी की चार जातियों सहित हर वर्ग की आकांक्षाओं को पंख देने वाला है यह बजट है।

केंद्रीय बजट विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के साथ देश-प्रदेश के विकास में अहम योगदान देगा। ईमानदार करदाताओं को राहत, मध्यम वर्ग को सम्मान के साथ जनता के विश्वास व विकास का बजट है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत की निर्णायक नींव रखने वाला बजट हें।आम जनता को समर्पित केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा, प्रस्तुत जानितकारी बजट के लिए में प्रधानमंत्री श्री मोदी जी एवं वित्त मंत्री सीतारमण जी को धन्यवाद देता हूं।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास की भावना के अनुरूप है। यह बजट आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के साथ सभी की उम्मीदों को पूरा करने वाला है। बजट में वस्त्र उद्योग क्षेत्र में रिफार्म के प्रावधानों से मध्यप्रदेश के कपड़ा उद्योग को बहुत फायदा मिलेगा। बजट में राज्यों के लिए एक लाख 40 हजार करोड़ के अनुदान का प्रावधान मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के विकास में बड़ा सहायक होगा। यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर और उच्च स्थान पर पहुंचाएगा।

# डिप्टी कलेक्टर ने जनसुनवाई में 20 आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के दिये निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



प्रति मंगलवार की भांति आज कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में कुल 20 आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। डिप्टी कलेक्टर सुश्री कलमे ने सभी आवेदकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं तथा संबधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस जनसुनवाई में श्री कुशलसिंह पिता मगनसिंह निवासी पटेल फलिया ग्राम माछलिया ने आवेदन दिया कि प्रधानमंत्री आवास मेरे पिता मगनसिंह पिता रायसिंह चौहान के नाम से स्वीकृत हुआ था पुरा मकान बनकर बनने के बाद भी मुझे आज दिनांक तक मजदुरी राशि प्राप्त नहीं हुई है। प्रधानमंत्री आवास की मजदुरी की राशि प्रदान करवायी जाए । इस आवेदन पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री कलमे द्वारा संबंधित अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य आवेदक श्री सुरेश पिता नाथु निवासी मसानिया फलिया ग्राम तीती ने आवेदन दिया कि मेरा पास कुल 5 खेत है रकबा 1.8500 हेक्टर जमीन है। असंचित है। सिंचाई के लिए पानी नहीं है। इस कारण कपिल धारा कुप का खनन करवाना चाहता हूँ । मेरा कपिल धारा कुप निर्माण की स्वीकृत करवाया जाए ।

एक अन्य आवेदक श्री जतनसिंह पिता हिरिलया मंडलोई ने आधार कार्ड में नाम की त्रुटि के कारण बच्चों की प्रोफाइल नहीं बन पाने की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि कई बार आधार केंद्र से संपर्क करने के बावजूद सुधार नहीं हुआ तथा भोपाल जाकर सुधार कराने की बात कही जा रही है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण भोपाल जाना संभव नहीं है। इस पर संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसी तरह जमीनी कब्जा,अतिक्रमण,सीएम किसान कल्याण योजना की राशि नहीं मिलने, जमीनी विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए।

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 10 व 13 फरवरी से

### जिले में 32 केन्द्रों पर 12,146 विद्यार्थी होंगे शामिल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर

जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं क्रमशः 10 फरवरी एवं 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। परीक्षाओं का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा संचालन हेतु मण्डल द्वारा कुल 32 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर कुल 12,146 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिनमें कक्षा 10वीं के 6,624 तथा कक्षा 12वीं के 5,522 विद्यार्थी शामिल हैं। दिनांक 29 जनवरी 2026 को मण्डल परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्राप्त निदेशों के अनुसार परीक्षा अवधि के दौरान सोशल मीडिया एवं टेलीग्राम पर सतत निगरानी रखी जाएगी। साथ ही प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग करने अथवा भ्रामक खबरें फैलाने की किसी भी कोशिश पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए, जिससे जिले में व्यापक जनहित एवं छात्र हित में मण्डल द्वारा संचालित परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराई जा सकें।

## नशे के लिए ड्रग सप्लाई करने वाले आरोपी को 10 वर्ष की कैद तथा जुर्माना

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस ) बड़वानी श्री रईस खान ने पारित अपने फैसले में अवैध रूप से नशे का सेवन करने वालो को अल्प्राजोलम टेबलेट सप्लाई करने वाले आरोपी विक्की पिता दीपक परमार, निवासी चारण मोहल्ला सेंधवा को 10 वर्ष की कठोर कारावास और 1 लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि अभियुक्त अल्प्राजोलम टेबलेट, अवैध रूप से ड्रग सेवन करने वालो को बायपास तिराहा सेंधवा में किसी पार्टी को सप्लाई करने वाला है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर उप निरीक्षक पंचान और स्टाप के साथ घटना स्थल पर रात्रि 3.55 बजे पहुंचकर अभियुक्त की प्रतीक्षा की, तत्पश्चात मुखबिर के बताए हुलिया का एक व्यक्ति मिला जिसकी घेराबंदी कर पकड़ा। नाम पता पुछने पर अपना नाम विक्की बताया।

उसके कंधे पर टंगी एक प्लास्टिक की थैली की तलाशी लेने पर उसमें अल्प्राजोलम टेबलेट की 240 स्ट्रीप जिसमें प्रत्येक स्ट्रीप में 15-15 टेबलेट अर्थात कुल 3600 अल्प्राजोलम टेबलेट पायी गई। जिसके सम्बन्ध में कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। मौका कार्यवाही पश्चात नारकोटिक्स सेल इंदौर द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध धारा 8/22 स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी प्रदार्थ अधिनियम 1995 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार पश्चात विवेचना कर विशेष न्यायाधीश बड़वानी के समक्ष चालान पेश किया।

## जलसुनवाई शिविर का किया गया आयोजन

**बड़वानी ।** स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जिले के वार्ड क्रमांक 3 में मंगलवार को नगर पालिका परिषद बडवानी द्वारा जल सुनवाई शिविर आयोजित किये गये। शिविर में जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य अमृत मित्र महिलाओ द्वारा किया गया। साथ ही जल प्रदाय से संबंधित शिकायतो को भी दर्ज कर निराकृत किया गया । शिविर में 28 घरों के जल नमूनो की जॉच फिल्ड टेस्ट कीट के माध्यम से की गई । साथ ही एक जल प्रदाय के अंतर्गत लीकेज की समस्या का आवेदन भी प्राप्त हुआ । इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, सहायक यंत्री श्री पुष्पराज अजनारे, उपयंत्री श्री मुन्नालाल चौहान सहित नगर पालिका की टीम उपस्थित रहे ।

## राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लिया

**बड़वानी ।** महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल के राजपुर क्षेत्र के नागलवाड़ी में प्रस्तावित कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने मंगलवार नागलवाड़ी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने हेलीपैड स्थल, कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैरीकेटिग, पार्किंग व्यवस्था और आवागमन के रास्तों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें।निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। सुरक्षा और प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन सुनिश्चित हो। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने नागलवाड़ी स्थित सुप्रसिद्ध बाबा भिलट देव मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। दर्शन के पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा, एसडीएम राजपुर श्री कुमार सानू देवड़िया संबंधित विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे।

## विधानसभा सत्र हेतु कार्यालयो में विशेष व्यवस्था

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 1 फरवरी से 3 मार्च 2026 तक जारी रहेगा। सत्र के दौरान जिले को प्राप्त होने वाले प्रश्नो के उत्तर भेजने के लिए कार्यालयो में विशेष व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिला बड़वानी से संबंधित प्राप्त होने वाले सभी प्रकार के विधानसभा प्रश्नो के उत्तर समय सीमा में भेजने हेतु अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश को नोडल अधिकारी बनाया है। जबकि प्राप्त होने वाले प्रश्नो के संधारण के लिए कलेक्टरेट के सहायक ग्रेड-3 श्री नीरज अवस्थी को अधिकृत किया है। सभी जिला अधिकारी उन्हे प्राप्त प्रश्नो को व उनके भेजे जाने वाले उत्तरो को नोडल अधिकारी व अधिकृत अधिकारी के यहॉ संधारण पंजी में अनिवार्य रूप से दर्ज करवायेंगे। वही अधिकृत अधिकारी प्रतिदिन प्राप्त होने वाले प्रश्नो को पंजी में प्रविष्टि कर संबंधित अधिकारी को भिजवायेंगे तथा निर्धारित समय के पूर्व उनका उत्तर भिजवाया जा चुका है, का प्रतिदिन परीक्षण कर भेजे गए प्रश्नो के उत्तर को पंजी को प्रविष्टि करेंगे।

# कलेक्टर श्री सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन



कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह समयावधि पत्रों की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय सभागृह में की। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों की विस्तृत विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अभी तक 40512 आवेदन दर्ज किए गए है। 28644 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके है। कलेक्टर श्री सिंह ने अभियान अंतर्गत राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए ।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को आपसी समन्वय कर आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि निराकृत आवेदनों की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर समय पर अपडेट करें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया की विधानसभावार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 27515 हियरिंग की गई है। 9152 वोटर्स का वेरिफिकेशन किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम और तहसीलदार चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें और कार्य ९ फरवरी तक पूर्ण करें। बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में 50 दिवस और 300 दिवस की सीएम हेल्पलाइन शिकायत निराकरण की समीक्षा कर पुरानी लंबित शिकायतों के निराकरण के समाधान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत सेवा प्रदायगी की स्थिति की जानकारी ली गई। लोक सेवा में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करे अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर जुमार्ना लगाया जाएगा। बैठक में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी ग्राम पंचायतों में विशेष बैठक कर पशुपालक कृषकों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के लिए सेक्स सॉर्टेड सीमन और एआई तकनीकों के फायदों के बारे में जागरूक करें।

# जिला स्तरीय कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन



जिले को प्रदेश के नौ जिलों में मिशन वात्सल्य प्रोजेक्ट के तहत चयनित किया गया है। मिशन वात्सल्य अंतर्गत जोखिम ग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों की वल्लरेबिलिटी मैपिंग के संबंध में जिला स्तरीय कार्ययोजना प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक श्री राजेश मेहरा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यशाला में पुलिस विभाग उज्जैन, श्रम विभाग उज्जैन, सामाजिक न्याय विभाग उज्जैन, जिला शिक्षा अधिकारी जिला उज्जैन, जिला स्रोत समन्वयक सर्वशिक्षा अभियान जिला उज्जैन, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग उज्जैन, बाल कल्याण समिति जिला उज्जैन, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड जिला उज्जैन, परियोजना अधिकारी समस्त महिला एवं बाल विकास जिला उज्जैन, विशेष किशोर पुलिस ईकाई जिला उज्जैन, पर्यवेक्षक समस्त महिला एवं बाल विकास जिला उज्जैन, शासकीय संस्थाओं बाल गृह उज्जैन, शासकीय बालिका गृह उज्जैन , शासकीय संप्रेक्षण गृह उज्जैन, शासकीय वन स्टॉप सेंटर उज्जैन, अशासकीय संस्थाओं मातृछाया शिशु गृह उज्जैन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई जिला उज्जैन से अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी / कर्मचारियों को किशोर न्याय समिति, उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 (संशोधन 2021) के प्रावधानों के तहत बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के सकारात्मक उपाय के सिद्धांत के अनुसार परिवार और समुदाय में सभी संसाधनों को जुटाकर बच्चों की भलाई को बढ़ावा देने एवं कमजोर बच्चों की पहचान को सुगम बनाया जा कर एक समावेशी और सक्षम वातावरण तैयार किये जाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

जिले में वल्नरेबिलिटी मैपिंग के संबंध में जिला स्तरीय कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए जिले के ग्राम, ब्लॉक, वार्ड में वल्नरेविलिटी मैपिंग का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से किये जाने की विस्तृत कार्ययोजना के संबंध में सभी को उन्मुखीकृत किया गया। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम समन्वयक संस्था ममता से श्रीमती इंदु सारस्वत, श्री गोविंद बेनीवाल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक संस्था उद्‌यन केयर से मास्टर ट्रैनर श्रीमती अरघा तिवारी द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों / कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वल्नरेबिलिटी मैपिंग के बारे में बताया गया कि मिशन वात्सल्य योजना एवं बाल सुरक्षा नीति के अन्तर्गत जोखिम में रहने वाले बच्चों या परिवारों की पहचान कर, उन्हें सामाजिक सुरक्षा व बाल संरक्षण प्रणाली के दायरे में लाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि जोखिम परिस्थितियों वाले बच्चों और परिवारों की पहचान, वर्गीकरण कर समय पर हस्तक्षेप और उचित सेवाओं से उनका शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके और बच्चों को जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में जाने से रोका जा सके ।

# ध्यान का मतलब पल में जीना क्षण-क्षण जीना



आज आदमी का मन समय को लेकर बहुत ज्यादा परेशान है। हर किसी को कहीं-न-कहीं जल्दी पहुंचना है। लोग लक्ष्य-केंद्रित हो गए हैं। अगर कोई लक्ष्य है, तो वहां जल्दी पहुंचना है, किसी और से भी ज्यादा जल्दी। इस रफ्तार के पागलपन की वजह से इंस्टेंट चीजें बहुत ज्यादा पसंद आती हैं।

रफ्तार जितनी बढ़ गई है, उतना अधैर्य बढ़ गया है। सब कुछ अभी चाहिए। भोजन का नाम भी हो गया फास्ट फूड! इसका साइड इफेक्ट भी है। तेज रफ्तार के साधनों की सनक ने लोगों को बहुत ज्यादा बेसब्र बना दिया है। इंतजार करना दंड भोगने जैसा मालूम होता है। इस रवैये ने लोगों से उनकी शांति, उनका आराम और उनकी नींद छीन ली है। नींद के लिए एक शांत दिमाग चाहिए, जो अपने आप में ठहरकर विश्राम कर सके।

ओशो कहते हैं, मुझे इस स्थिति में एक सकारात्मक पहलू भी दिखता है। यह बात कि लोग एक पल का भी इंतजार नहीं कर सकते, इसका मतलब है कि वे हर पल को बहुत ज्यादा अहमियत देते हैं। हर पल की इस अहमियत का इस्तेमाल उन्हें ध्यान से परिचित कराने के लिए किया जा सकता है, क्योंकि ध्यान का मतलब है- पल में जीना, क्षण क्षण जीना। ध्यान करने वाला भी हरेक पल को अहमियत देता है, लेकिन फर्क यह है कि वह हर पल में गहराई से उतरता है, जबकि तेज आदमी पल को सतही तौर पर जीता है। वह पागलों की तरह एक पल से दूसरे पल में कूद रहा है।

इस स्थिति का रचनात्मक तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है। मन की बेचैनी दूर करने के लिए ध्यान की छोटी-छोटी विधियां करें, जो तुरंत नतीजे दे सकती हैं। ये विधियां आप काम-काज करते हुए कर सकते हैं। अलग से जाकर बैठने की जरूरत नहीं है। अपनी सांस को अंदर आते और बाहर जाते हुए देखें। इसे बदलने की कोशिश न करें, सिर्फ देखने से ही सांस धीमी हो जाएगी। अपना काम करते रहें और सांस को देखते रहें। सांस धीमी होने के साथ आपका मन रिलैक्स होने लगेगा और अपने आप शांति की शीतल बयार बहने लगेगी।



सम्पादकीय

## क्रिकेट में कटुता

विश्व क्रिकेट में पैदा ताजा तनाव दुखद और निराशाजनक है। आगामी 15 फरवरी को कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला तय था, पर पाकिस्तान सरकार ने भारत के खिलाफ होने वाले मैच से हटने का फैसला सुनाकर अपनी बेवजह की दुश्मनी का इजहार कर दिया है। ध्यान रहे कि पहले टी-20 विश्व कप का आयोजन भारत में ही होना था, मगर पाकिस्तान ने भारत में खेलने पर आपत्ति जताई थी और इसी वजह से श्रीलंका को भी आयोजक के रूप में शामिल किया गया। पाकिस्तान इस टूनार्मेंट में अपने सारे मुकाबले श्रीलंका में ही खेलने वाला है, वह खेलेगा, लेकिन भारत के खिलाफ नहीं। अब क्रिकेट की विश्व संस्था आईसीसी में नाराजगी है और आयोजकों को घाटा होना तय है। सबसे बड़ी बात यह कि पाकिस्तान सरकार ने भारत के खिलाफ न खेलने का कोई कारण नहीं बताया है। वैसे, आईसीसी की ओर से अभी भी यह कोशिश जारी है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कोई ऐसा फैसला न करे, जिससे क्रिकेट को नुकसान पहुंचे।

कोई दोराय नहीं है कि पाकिस्तानी क्रिकेट पर पूरी तरह से राजनीति हावी हो गई है। विडंबना यह है कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट न खेलने की मांग भारत में ज्यादा होती है और न खेलने का फैसला उसने किया है। हम यह मानते हैं कि जो देश हमें आतंकवाद से पीड़ित करता है, उसके साथ हम क्रिकेट नहीं खेल सकते। यही कारण है कि भारतीय क्रिकेट टीम साल 2008 के बाद कभी पाकिस्तान नहीं गई है। इससे पाकिस्तान में क्रिकेट को बहुत नुकसान हुआ है, मगर पाकिस्तानी हुक्मरान इस पहलू को मानने से हिचकते हैं। वहां का क्रिकेट बोर्ड अपने खर्चे के लिए विश्व क्रिकेट पर निर्भर है और विश्व क्रिकेट में 80 प्रतिशत से भी ज्यादा पैसा भारतीय है। अपनी कट्टर और खोखली सियासत से प्रभावित पाकिस्तान को यह मानने में बहुत परेशानी होती है कि विश्व क्रिकेट को चलाए रखने में भारत का सर्वाधिक योगदान है। पाकिस्तान अपनी भारत विरोधी नीतियों में सुधार के लिए तैयार नहीं है। शायद उसे लगता है, भारत या भारतीय बोर्ड उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मिसाल के लिए, एशिया कप की ट्रॉफी भी पाकिस्तानी बोर्ड के अध्यक्ष ने विजेता भारत को नहीं सौंपी है। बड़ा सवाल है कि जो भारतीय बोर्ड अपने हिस्से की ट्रॉफी नहीं ले पाया, वह अब आगे क्या कड़े कदम उठाएगा? वैसे, अनुमान है, इस बार भारतीय बोर्ड कड़े कदम उठाएगा, क्योंकि भारत-पाकिस्तान मैच की भारी मांग होती है।

### विवाद की स्थिति न बने

# सामाजिक न्याय के लिये संवैधानिक भेदभाव जरूरी नहीं

एक वर्ग को सामाजिक न्याय के प्रयास में दूसरे वर्ग से अन्याय करना न्याय के सिद्धांत की अवहेलना है। यूजीसी के नए नियम इसका उदाहरण हैं। इनके विरोध में हो रहे सामान्य वर्ग के देश व्यापी आंदोलन को एससीएसटी एवं ओबीसी संवर्ग का विरोध प्रचारित करना, राजनीति प्रेरित होकर जन आंदोलन को मुद्दे से भटकाने का प्रयास है। यह किसी का विरोध न होकर स्वतंत्र देश के प्रत्येक नागरिक को न्याय के समान अधिकार की मांग है। सदियों से हुए अज्ञात अन्याय के प्रतिशोध स्वरूप आज किए जा रहे अन्याय के विरुद्ध लड़ाई है। सामान्य वर्ग सभी के लिये समान अवसरों का हामी रहा है। सामाजिक समरसता के पक्ष में सफल अभियान चलाने वाले आरएसएस के सदस्यों में बड़ी संख्या सामान्य वर्ग के स्वयं सेवकों की है। सवर्ण समाज किसी से भेदभाव नहीं करता परंतु सरकारी तंत्र उसके साथ भेदभाव करता है। रोहित वेमूला और पायल तडवी की आत्म हत्या पर सक्रिय हुए संवेदनशील सरकारी तंत्र की, मंडल कमीशन के विरोध में हुई सैकड़ों आत्म हत्याओं, कश्मीरी पंडितों की हत्या, उनके पलायन, पर निष्क्रियता, स्वतंत्र भारत में सरकारी भेदभाव के उदाहरण है।



सुभाषचंद्र जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

इसमें संदेह नहीं कि हिंदू समाज में जातीय असमानता, आजादी के सात दशकों में शनैः-शनैः समाप्त होती गई। देश के किसी भी सामाजिक समागम में आज कोई किसी की जाति नहीं पूछता है और जातियों के स्वयं भू मठाधीश विष वमन न करें तो आने वाले कुछ दशकों में जातियां केवल व्यक्तिगत पहचान बनकर रह जाएगी जिसका सामाजिक जीवन पर दुष्प्रभाव शून्य होगा। यह आदर्श स्थिति समाज के लिये सुकून दायक होकर भी राजनेताओं के लिये जीवन मरण का प्रश्न होगी क्योंकि जातिवाद इनकी जीवन रक्षक औषधि है। सामाजिक भेदभाव या जातिवाद मिटाने की कसमें खाने वाला एक भी राजनीतिक दल आज भारत में नहीं जो अपने संकल्प पर अडिग हो। 2018 के एससीएसटी एक्ट के तहत दर्ज अधिकांश मामले फर्जी एवं व्यक्तिगत द्वेष अथवा राजनीतिक या निजी स्वार्थ से प्रेरित पाए गए, यह न्यायालयों में सिद्ध हुआ है। ऐसे में इस ऐक्ट की समीक्षा कर इसे न्याय संगत रूप देने के बजाय उसका विस्तारित रूप यूजीसी कानून 2026 लाकर सरकार ने सामाजिक विभाजन का बीजारोपण किया है। यह जातिवाद की समाप्ति के बजाय इसे जीवित रखने में सरकार की दिलचस्पी का परिचायक है।



शासन में सर्वोच्च पदों पर आसीन होकर भी व्यक्ति दलित है तो इसका एकमात्र कारण दलित होने के संविधान प्रदत्त लाभ है। जब तक दलित होने के संवैधानिक लाभ बने रहेंगे कोई दलित कभी अगड़ी श्रैणी में आना नहीं चाहेगा। एट्रोसिटी एक्ट एवं यूजीसी जैसे एकतरफा कानून बने रहे तो जातिवाद भारत में स्थायी रूप से न केवल बना रहेगा दिन दिन इसमें उग्रता आएगी। भेदभाव जैसी घटनाओं पर संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही सर्वथा उचित है परंतु अपराधियों का जाति आधारित वर्गीकरण लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कलंक है। तर्क दिया जा रहा है कि जो भेदभाव नहीं करते उन्हें इस कानून से भय क्यों? यहां प्रति प्रश्न बनता हे कि यदि शिकायत सच्ची है तो झूठी शिकायत पर दंड के प्रावधान से भय क्यों?

'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता' जैसे सैद्धांतिक वाक्यों की माला जपते राजनीतिक दल एक स्वर से बिना किसी पुख्ता प्रमाण के यह मान लेते है कि हिंदूओं की हजारों जातियों में से कुछ जातियां जिनकी संख्या दो अंकों में भी नहीं है, जन्मजात उत्पीड़क है और सदियों से शेष जातियों का शोषण एवं उत्पीड़न करती आई है, और इस जाति समूह के विरुद्ध ऐसे कानून बना दिये जाते है जिसमें कार्रवाई के पूर्व दोनों पक्षों को सुनना आवश्यक नहीं। जो न्याय के बजाय केवल फैसले का आधार बने वास्तव में ऐसे प्रावधानों के ही लिये 'अंधा कानून' जैसे विशेषण प्रचलन में आए। नया यूजीसी कानून 2026 इसी श्रेणी का है। जिसे लाकर सरकार विभिन्न वर्गों के बीच भर रही खाई को पुनर्जीवित करने के सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा बन गई है जो एक नए प्रकार के उग्रवाद को जन्म देगा।

सत्ता में भागीदार कुछ सवर्णों को छोड़ शेष सवर्ण समाज का एक भी व्यक्ति आज इस मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ा नहीं मिलेगा। अतीत के गर्भ में दफन सामाजिक भेदभाव को जीवित रखने की कवायद में देश के बड़े और अपेक्षाकृत देश हित एवं समाज हित के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील समुदाय के प्रति संवैधानिक भेदभाव आजादी के बाद से ही न केवल जारी है वरन इसमें बढ़ोतरी के नित्य नए तरीके ईजाद किए जा रहे है। जातिवाद रूपी अंग्रेजों की विरासत को ऐसे कानूनों से सींच कर वोटों की फसल काटने की स्पर्धा में आजादी के बाद से ही राजनीतिक दलों का निशाना केवल सवर्ण समाज रहा है। वर्तमान सरकार भी पिछली सरकारों से भिन्न नहीं जिसने यह पक्षपात पूर्ण कानून लाकर सवर्ण समाज को एक ऐसे संघर्ष के लिये विवश किया जो उसके आत्मसम्मान ही नहीं अस्तित्व के लिये भी अनिवार्य है।

चूंकि सभी राजनीतिक दल सवर्ण विरोधी है इसलिये सरकार इस भ्रम में है कि सवर्णों के पास भाजपा के अलावा कोई विकल्प नहीं है। एक हद तक यह सत्य भी है कि सवर्ण बड़ी संख्या में भाजपा का परंपरागत समर्थक रहा है परंतु कूप और खाई में से एक विकल्प चुनने के बजाय यदि वह नोटा रूपी तटस्थ विकल्प चुनता है तो इसका शत प्रति शत नुकसान भाजपा को ही होगा। निश्चय ही सरकार के इस आत्मघाती कदम ने देश में लगभग मरणासन्न हो चुके विपक्ष के लिये संजीवनी का काम किया है।

## अपमान विशारद विश्वविद्यालय

लुटियंस दिल्ली की सफेद कोठियों पर जब सुबह की पहली किरण पड़ती है, तो वह नैतिकता जगाने नहीं, बल्कि चालाकी का नया संस्करण तैयार करने आती है। इंडिया गेट के चारों ओर पसरी वह रहस्यमयी धुंध दरअसल फैक्ट्रियों का धुआं नहीं, बल्कि उन फाइलों की राख है जिन्हें 'जनहित' के नाम पर जलाया गया है। इसी माहौल में, जहाँ हवा में ऑक्सीजन कम और अहंकार का पार्टिकुलेट मैटर ज्यादा है, एक नए 'अपमान विशारद विश्वविद्यालय' की घोषणा हुई। यह संस्थान ईंट-गारे से नहीं, बल्कि कड़वाहट के सीमेंट और तानों की बजरी से खड़ा किया जा रहा है। काका घमंडी अपनी पुरानी लाठी और सत्तू का डिब्बा लेकर जब जनपथ की एक बेंच पर मास्टर बीठल के साथ बैठे, तो उन्हें लगा कि यहाँ की हर कोठी एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ में ज्यादा सफेद होने का ढोंग कर रही है।

मास्टर बीठल ने जैसे ही न्यूजपेपर में इस विश्वविद्यालय का विज्ञापन पढ़ा, काका ने खैनी की पीक थूकते हुए अपनी देसी शैली में मोर्चा खोल दिया। काका बोले, ₹अरे मास्टर, ई कवन नौटंकी पसारले बाड़ऽ? अब ई दिल्ली के गोरा-चिट्टा साहेब लोग हमनी के बताई कि जीभ कइसे लपलपावल जाला? जवना शहर में लोग 'नमस्ते' भी अईसन करेला कि लागेला तोहार किडनी माँगत बा, उहाँ अपमान के कवन पढ़ाई होई? हमनी त खैनी ठोक के केहू के अईसन 'भद' पिटा देब जा कि ओकर सात पुश्त के नानी अपना जनम पर रोवे लगिहें। ई दिल्ली वाला लोग त बस पालीस कइल जानत बा, हमनी त सीधे खाल उधेड़ देब जा।₹ काका के लिए अपमान एक सीधा प्रहार था, जबकि दिल्ली के लिए यह एक सूक्ष्म कला।

मास्टर बीठल, जो खुद को दिल्ली के बौद्धिक विमर्श का हिस्सा मानते थे, ने अपना चश्मा थोड़ा और ऊपर चढ़ाया और काका को ऐसे देखा जैसे कोई संग्रहालय का क्यूरेटर किसी पुरानी टूटी हुई मूर्ति को देखता है। उन्होंने समझाया कि काका, दिल्ली का अपमान कोई अनगढ़ पत्थर नहीं है, यह तो 'क्रिस्टल कट' हीरा है जो चुभता भी है और चमकता भी है। यहाँ अपमान एक 'इंस्टीट्यूशनल' प्रक्रिया है, जहाँ बाकायदा पाठ्यक्रम होगा कि सामने वाले को उतना ही नीचे गिराओ कि वह गिरते समय भी आपको 'थैंक यू' कहे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04 फरवरी 2027 बुधवार
सूर्योदय - 07:10 सूर्यास्त 18:12
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - तृतीया 24:10 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - पूवार्फाल्गुनी 22:13 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - अतिगंड 25:04 उपरांत सुकर्मा
करण - वणिज
चन्द्रमा - सिंह में है। 28:20 पर कन्या में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 15 तारिख

**मेष-** रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ-** विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क-** आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी।

**सिंह-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा।

**कन्या-** पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी।

**तुला-** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-** कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मयार्दा बनाए रखें।

**धनु-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**मकर-** नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**कुंभ-** पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**मीन-** परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। विरोध होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## खो रही आनंद मुस्कान

जाति-पाति व धर्म के नाम पर लड़ाना कितना आसान,
कमजोर हुई भारत की रीढ़ खो रही आनंद मुस्कान ।
टूटा है आज भी संगठन उन्हीं षड्यंत्रकारी विवादों से,
मुकर जाते देशवासी सहज एक साथ चलने के वादों से,
इंसानियत शर्मसार कब मिटेंगे कलंकित लड़ाई झगड़ें,
ताक में बैठे हैं दुश्मन भावनाओं पर प्रहार करते तगड़े,
बाहर से हुआ विकास पर अंदर अव्यवस्थित सामान,
कमजोर हुई भारत की रीढ़ खो रही आनंद मुस्कान ।
अपना-अपना स्वार्थ आगे आता है हर मुद्दे में पहले,
उगलता है जन समुदाय शब्दों के भारी भरकम गोले,
कभी राजनीति की मार तो कभी भ्रष्टाचार अत्याचार,
सुर्खियों में होते तर्क वितर्क विरोध प्रदर्शन के समाचार,
अंतःकरण में बसा दर्द का सैलाब वो ही पुरानी दास्तान,
कमजोर हुई भारत की रीढ़ खो रही ₹आनंद₹ मुस्कान ।
स्वाधीनता का रंग भी नहीं दे सका अब तक समदृष्टि,
स्वयं कुछ परित्याग करने की सोच से हिल जाती सृष्टि,
भूचाल आ जाता है फिर बस देश में ये तेरा - ये मेरा,
खो जाता फिर कहीं आक्रोश में हर नया सुखद सवेरा,
रोज मिलते यहॉ अनगिनत दिलों में दर्द के गहरे निशान,
कमजोर हुई भारत की रीढ़ खो रही ₹आनंद₹ मुस्कान ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# एंटीबायोटिक ज्यादा समय तक बिना डॉक्टर की सलाह के न ले



डॉ विजय गर्ग
(दैनिक अवन्तिका)

81वां अखिल भारतीय चिकित्सा सम्मेलन 29 जनवरी से 1 फरवरी तक पटना मैं आयोजित हुआ उसमे इंडोनेशिया के डॉ शेली ने बताया कि ज्यादा लंबे समय तक एंटीबायोटिक लेने से मोटापा, लिवर, किडनी, पेट की बीमारी का जोखिम रहता है एवं रोग से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है।

हफ़्ते मैं एक बार इन्सुलिन लगाने से डायबिटीज का इलाज संभव है। उपरोक्त जानकारी मेंरे द्वारा अपने अतिथि उद्बोधन मैं व्यक्त किए। मरीज रोज रोज 2 -3 बार इन्सुलिन लगाने से डरता है व छोड़ देता है इसलिये हफ़्ते मैं एक बार इन्सुलिन लगाने से साल मैं केवल 52 बार इन्सुलिन लगाना पड़ते है। आने वाले समय मैं सूंघने वाला एवं ओरल इन्सुलिन भी आने वाला है इसका रिसर्च जारी है। अतिथि उद्बोधन* मैं बताया गया स्र्र्र्श्लल्लंल्लू८( गर्भ धारण) एक बार अपनी रक्त मैं शुगर की जाँच करना जरूरी है क्योंकि डायबिटीज कि कारण माता एवं बच्चे को कठिनाई की संभावना होती है। कैसी भी स्थिति मैं महिला का शुगर 100-140 एमजी/डीएल से ज्यादा नहीं होना चाहिए एवं डायबिटीज का इलाज इन्सुलिन या मेटफॉर्मिन से करना चाहिए । साथ ही डिलीवरी के पश्चात भी माता को परमानेंट डायबिटीज, हार्ट की बीमारी, आखों की बीमारी व ज्यादा वजन का सामना करना पढ़ सकता है। डायबिटीज के कारण प्रेगनेंसी मैं पेशाब का इन्फेक्शन भी बड़ जाता है। समेलन मैं भारत वर्ष के 9000 चिकित्सकों ने भाग लिया। करीब 2000 अतिथि उद्बोधन, कार्यशाला विभिन्न विषयों पर आयोजित हुई। समेलन का उद्घाटन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। सम्मेलन के अन्य निष्कर्ष-

1- मोटापा कई बीमारियों की जड़ है। नई दवाओं से हम कम तो कर सकते है परंतु प्रतिदिन कसरत, ताला गाला खाने का बहिष्कार, कम खाना, लगातार ज्यादा देर तक एक जगह बैठना एवं सोशल मीडिया एवं डिजिटल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना।
2- अब ब्लड प्रेशर के लिए भी हर 6 माह मैं एक बार लगाने वाला इंजेक्शन आ गया है।
3- फेपड़े की (सीओपीडी) सांस की बीमारी भारत वर्ष मैं बीड़ी, एलर्जी, धुआ व एयर पोल्युशन मुख्य कारण है जिसको हमे कम करना है।
4- सिरदर्द एकदम तीव्र हो, 40 साल बाद हो उसके साथ अगर बुखार हो, हाथ पैर मैं कमजोरी हो, आखो से दिखने कम हो तो उसे हल्के मैं ना ले।
5- डायबिटीज के अंदर मेटाबॉलिक एंडोस्कोपी से बिना दवा के अब इलाज संभव है, रोबोटिक एंडोस्कोपी से पेट की बीमारियों को पता करने व इलाज मैं बहुत मदद मिल रही है।
6- डेंगू बुखार का टीका आने वाले समय मैं रोकने मैं वरदान साबित होगा।
7- टीबी की बीमारी को पहचाने मैं नए नए जांचे ,लंग अल्ट्रासाउंड दिल एवं फेफड़े की बीमारियों के लिए उपयोगी हो रहे है।
8- गठिया ( जोड़ो की बीमारी) मैं नए नए दवाए (बायोलॉजिक) से बहुत ज्यादा सफलता मिल रही है परंतु महंगे इलाज है।
9- खुश रहिये, अच्छी नींद लीजिए, नामक कम खाये, दोस्तों के साथ समाये बिताये, भोजन धीरे धीरे चबा के खाये ये कई बीमारियों के बचाव मैं उपयोगी है।

सम्मेलन मैं उज्जैन के डॉ किशोर नागर, डॉ पी एम कुमावत, डॉ घनश्याम शर्मा ने भी शिरकत की।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5950 से 6000 डंकी चना 5200 से 5500 विशाल 5775 से 5800 मसूर 5700 से 5750 महाराष्ट्र सफेद 7900 से 8100 महाराष्ट्र लाल 8200 से $400 कर्नाटक नई 8700 से 9100 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7800 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से 8200 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8000 से 8500 एवरेज 6500 से 7200 हल्का उड़द 3000 से 5000 काबुली डॉलर 8000 से 8500 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5000 से 5200 सरसों (मीडियम) 7800 से 8100 निमाड़ी 8200 से 8300 रायडा 5800 से 6100 सोयाबीन 4600 से 4800 अलसी 7800 से 8000 तिल्ली 7000 से 8500 टोली गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2850 से 2900 पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज 2725 से 2750 मक्का 1700 से 1730 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 9200 से 9400 मीडियम 10400 से 10600 बेस्ट 11700 से 11800 एक्स्ट्रा बेस्ट 12600 से 12700 ब्रांडेड 13800 मूंग दाल 9350 से 9450 बेस्ट 9850 से 10150 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7500 से 7600 बेस्ट 7700 से 7800 रुपए प्रति क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1180-2900 चना काबली- 4751-6880, चना बड़ा- 5244-6880, बटला- 4640, उड़द- 6690, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1403-6150, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,58,700, रवा- 1,58,500 चांदी- टंच- 2,70,000 पाट- 2,68,000।

## बागेश्वर धाम : काव्य संग्रह सनातन का मील का पत्थर



संजय वर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

शब्दों से धर्म की भावों की धारा बागेश्वर धाम काव्य संग्रह :में रचनाकार की रचनाओं का समावेश कर लेखक संजय वर्मा दृष्टि ने इसे रचनाकारों के लिए धर्म विषयों में काव्य रच कर साहित्य जगत को दिये जाने वाला सनातन परंपरा का विलक्षण सम्मान का प्रतीक बताया है। हमरंग प्रकाशन की प्रकाशित कृति निसंदेह प्रशंसनीय है। इसी तारतम्य में भूमिका में लेखक ने यह बात ठीक कही -पाश्चात्य संस्कृति में लिप्त होने पर हम हमारे तीज त्योहारों से दूर होते रहे है` जैसा की शीर्षक से ही पता चल रहा है कि हिंदू धर्म में कितने उत्कर्ष पर ले जाते है। हिंदू धर्म बिना हमारा जीवन अधूरा है। जब बागेश्वर धाम धार्मिक किताब का संस्करण रचा हो तो उसका तो कहना ही क्या ? क्योंकि सनातन.,हिंदू राष्ट्र निर्माण एवं बालाजी के शब्द भाव और अर्थ जैसे त्रिवेणी हो ।उसके द्वारा रचे काव्य सनातन भाव -विचार की परम्परा एवं संस्कृति झरने सी लगती है ।

तीज त्योहारों संग प्रकृति के विभिन्न रंगों को अपनी रचना में बखूबी से शब्द भाव को ढाला है - काव्य के इस सौंदर्य -बोध को परखने के लिए पुनीत ह्रदय की आवश्यकता है ।

जिंदगी का यह रूप जिंदगी के विभिन्न पहलुओं का दर्शन कराता है ० जिंदगी में एक नए रंग भी भरता है ।हर नारी ₹भक्ति सशक्तिकरण का सजीव चित्रण करती काव्य रचना सृजनात्मक सोच की एक कशिश पैदा कर सच करने की अदम्य क्षमता रखती ।लेखन के क्षेत्र में अपनी शसक्त पहचान बनाने वाले और मंच पर ,टीवी ,आकाशवाणी की सक्रिय भूमिका निभाने वाले लेखक संजय वर्मा रचनाकार से सभी भली-भान्ति परिचित है। नारी शक्ति स्त्री ही तो निडरता का साक्षात रूप होती है। बस साहस की बुलंदियों पर होंसलों का मकसद बरकरार रखना होगा ताकि सही मायने में सम्मान की अधिकारी बन सके ।महिलाओं को धार्मिक ग्रँथ पढ़ने की प्रेरणा देने से महिला सशक्तिकरण और भी मजबूत होगा।

धर्म-आस्था

# राष्ट्रपीय पक्षी मोर का बहुआयामी स्वरुप



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है। इसकी सुन्दरता अद्वितीय है। मोर का नृत्य तो मानव मन को आल्हादित कर देता है। आकाश में जब बादल दृष्टिगोचर होते हैं और वर्षा ऋतु का आगमन होता है तो मयूर नृत्य की सुन्दरता प्रकृति की शोभा में चार चाँद लगा देती है।

मोर पंख का आध्यात्मिक, धार्मिक और सामाजिक महत्व भी है। मोरपंख का संबंध श्रीकृष्ण, कार्तिकेय, गणेश, माता सरस्वती और माता लक्ष्मीजी से भी है। भगवान-श्रीकृष्ण तो मोर पंख को सिर पर धारण करते हैं। धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है। भगवान श्रीकृष्ण को बाल्यावस्था से ही कई राक्षसों का सामना करना पड़ा था। उनमें प्रमुख राक्षसों के नाम हैं- पूतना, शकटासुर, तृणावर्त, वत्सासुर, अधासुर, बकासुर, धेनुकासुर, अरिष्टासुर, कालियानाग, कालनेमि, व्योमासुर आदि। बालक श्रीकृष्ण को किसी की नजर न लगे इसलिए उन्हें सिर पर मोरपंख पहनाया जाता था। वर्तमान में भी नजर उतारने के लिए मोरपंख का उपयोग किया जाता है।

कार्तिकेय का वाहन ही मयूर है। उन्हें मयूरेश कहा जाता है। माता सरस्वती का वाहन मोर को भी माना जाता है। वे ज्ञान की देवी है। मोर के माध्यम से वे यह सन्देश देती है कि सुन्दरता, कला और चंचलता जो मोर के गुण है उन पर नियंत्रण होना भी आवश्यक है जिससे विनम्र होकर ज्ञानार्जन किया जा सके। श्रीगणेशजी और लक्ष्मीजी को कुछ चित्रों में हाथ में मोरपंख लिये दशार्या जाता है, जो प्रतीकात्मक है। मोरपंख में यह शक्ति होती है यह नवग्रहों के बुरे प्रभाव को नष्ट करता है। मोरपंख को घर में रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नवग्रहों के दोषों को मोरपंख दूर करता है।



मोरपंख से वास्तु दोषों का भी निवारण किया जा सकता है। घरों में भगवान के मंदिरों में मोरपंख रखने से वातावरण में शान्ति बनी रहती है। घर के मुख्य द्वार पर भी मोरपंख लगाया जाता है। यह शुभता का प्रतीक है। राहू और केतू ग्रहों के दोषों को दूर करता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अध्ययन में एकाग्रता बनाए रखने के लिए बालकों के कक्ष में मोरपंख लगाना चाहिए। इससे अध्ययन में एकाग्रता का विकास होता है। जीवन में आने वाली परेशानियों को दूर करने में मोरपंख की प्रमुख भूमिका रहती है। मोरपंख से निकलने वाली किरणें हमारे स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी हैं। घरों में मोरपंख के प्रभाव से कीट पतंगें भी प्रवेश नहीं करते हैं। छिपकली तो उन्हें देख कर डरती है। ऐसी मान्यता ज्योतिषशास्त्र में है कि तकिये के नीचे मोरपंख रखने से आर्थिक कष्ट कम हो जाता है। भाग्य में परिवर्तन होता है। मोरपंख से निकलने वाली किरणें हमारे स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी हैं। मोरपंख के चित्ताकर्षक रंग सभी आगन्तुकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ज्ञान की देवी सरस्वती और धन की देवी माता लक्ष्मी की कृपा घर में बनी रहे, इसलिए घरों में मोरपंख रखना सार्थक सिद्ध होता है। वर्तमान समय में भी बच्चों को नजर न लगे इसलिए मोरपंख से नजर उतारी जाती है और रामरक्षास्तोत्र का पाठ भी किया जाता है। मोर का भगवान श्रीकृष्ण से विशेष सम्बन्ध है। कहा जाता है कि एक बार श्रीकृष्ण बाँसुरी बजा रहे थे। अचानक बाँसुरी की धुन पर सभी मोर नाचने लगे। उनमें से किसी एक मोर का पंख गिर गया, तब श्रीकृष्ण ने यह पंख अपने सिर पर धारण कर लिया। यह राधा और श्रीकृष्ण के प्रेम का परिचायक है। हमारे राष्ट्रीय पक्षी मोर के सुन्दर पंख आयुर्वेद में औषधि के रूप में उपयोगी है। इन पंखों से भस्म बनाई जाती है, जिससे उपचार किया जाता है।

भारत सरकार ने एक फरवरी- 1963 को मोर को राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया है क्योंकि अपनी सुन्दरता, भारतीय संस्कृति और पौराणिक कथाओं में इसका अत्यधिक महत्व है। मोर को किसी भी प्रकार से आहत नहीं करना है। इस राष्ट्रीय पक्षी की सुरक्षा नई पीढ़ी के लिए अति आवश्यक है।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**


editor.awantika@gmail.com



## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

**आगर मालवा।** यातायात प्रभारी जगदीश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 1/2/26 को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो से 03 चार पहिया वाहनों को चिन्हित कर थाना यातायात पर रखा गया था जिस पर सोमवार को संबंधित नाबालिग वाहन चालको को उनके पालकों के साथ बुलाकर समझाइश व चालानी कार्रवाई की गयी। तीन वाहनों को अलग अलग धाराएं जिनमे नाबालिग के द्वारा वाहन चलाना धारा 4/181, खतरनाक ढंग से वाहन चलाना धारा 184, बिना नंबर प्लेट 51/177 मे आदि में कार्यवाही करते हुए कुल 22 हजार की चालानी कार्यवाही की गई। नाबालिग वाहन चालको को पालकों के समक्ष समझाइश दी गई व भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न करने की हिदायत दी गई। पुलिस पालकों से निवेदन करती है कि अपने नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाने देवे और यातायात नियमों का पालन करे।

## विजय सिंह गौतम के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर, 112 यूनिट रक्त संग्रह



**महिदपुर।** समाजसेवी विजय सिंह गौतम के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर महिदपुर ब्लड डोनेशन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में राजपूत बोर्डिंग परिसर में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन की विशेष उपलब्धि यह रही कि शिविर में कुल 112 यूनिट रक्तदान हुआ, जो नगर के लिए उल्लेखनीय रहा। पहली बार बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। शिविर में रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण, पंजीयन और रक्त संग्रह की समुचित व्यवस्थाएं की गईं। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती लक्ष्मीबाई पति श्री कैलाशचन्द्र जी राठौर निवासी 5/8 अशोक नगर उज्जैन ने महेश जाटवा पिता लक्ष्मीनारायण जी जाटवा निवासी 16 किशनपुरा, उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 16 का पश्चित तरफ का भाग, किशनपुरा गली नं.1 पथ क्रं.5, उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है। मेरी पक्षकारा शीघ्र ही संपूर्ण विक्रय मूल्य अदा कर भवन का विक्रय पत्र करवाना चाहती है। उक्त भवन के संबंध में कोई विवाद किसी न्यायालय में विचाराधीन हो अथवा उक्त भवन के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक का कोई हित हो और इस विक्रय के संबंध में कोई आपत्ति हो, भवन का विक्रय अनुबंध पत्र किसी व्यक्ति द्वारा पूर्व में किया हो, कहीं बंधक हो तो मुझ अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में आपत्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें, अवधि पश्चात मेरा पक्षकार शेष संपूर्ण विक्रय मूल्य अदा करते हुए उक्त भवन के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेगा, पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक : 03.02.2026

**राहुल जैन, एडवोकेट**
**13, कमलानेहरू मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल : 98272-06100**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामीनी श्रीमती अनिसा बी पुत्री स्व. बशीर एहमद पति मोहम्मद सलीम, निवासी- 52, महाकाल मार्ग, पथ क्रमांक 01 उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु. कमांक 52, स्थित महाकाल मार्ग, पथ क्रमांक 01, उज्जैन में है। उक्त भवन के भूखंड का कुल क्षेत्रफल 33.03 वर्गमीटर है। उक्त भवन चार मंजिला आरसीसी का निर्मित होकर वर्तमान में होटल निर्मित है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित अनुबंध पत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-03-02-2026 स्थान - उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**

### In The Court Of II Civil Judge Class 1, District Court, Ujjain Tehsil badnagar

Presiding Officer: **श्री गौरव चौरसिया**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC SUC/0000001/2026)

**राजकुमार---- आवेदक**
**Vs**
**विष्णुबाई-----अनावेदक**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांकः 26/02/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण

पता- सर्वसाधारण तहसील बडनगर जिला उज्जैन मप्र

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार पता ने मृतक रामकुंवरबाई पति रणछोड़लाल निवासी ग्राम लोहाना की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 26 फरवरी 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 26 फरवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 28 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(गौरव चौरसिया)**
**द्वितीय व्य. न्याय बरिष्ठ खण्ड बड़नगर**
**जिला - उज्जैन (म प्र)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश

# लोगों को जाति धर्म में बांटना देश हित के लिए अच्छे संकेत नहीं- लक्ष्मणसिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा



**लक्ष्मणसिंह ने की मां बगलामुखी की पूजा अर्चना**

पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह पत्रकार वार्ता के बाद विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मां बगलामुखी की पूजा अर्चना कर मां से आशीर्वाद लिया इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आज देश में जो वातावरण बना हुआ है लोगों को जाति धर्म में बनता जा रहा है वह देश हित के लिए अच्छे संकेत नहीं है भारत का इतिहास देखें तो यह भारत देश सभी धर्म के लोगों का है।

उक्त बात सामाजिक समरसता यात्रा में आए पूर्व सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह ने सोमवार को भारत माता स्कूल में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने सामाजिक समरसता यात्रा का उद्देश्य बताते हुए बताया कि देश एवं समाज में समरसता रहे यही यात्रा का उद्देश्य है। सिंह ने कहा कि आज दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर खड़ी है भारत या कोई भी देश इस तरह के माहौल से अछूता नहीं रह पाएगा।

आज मिसाइल का युग है अगर विश्व युद्ध होता है तो भारत के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि सभी भारतवासी एक हो उनमें भारतीयता की भावना हो और हम जातिगत भावना से ऊपर उठकर देशहित के लिए सोचे यही भारत देश के लिए हित में होगा।

उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता यात्रा 14 विधानसभा क्षेत्र में पहुंच गई है इसके समापन के अवसर पर भोपाल में बहुत बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में किसी भी पार्टी के नेता आना चाहे तो उनका स्वागत है। जाति गणना के प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जाति गणना करने का कोई अर्थ नहीं है जातियां भी गलत लिखी जा रही है जो जिस जाति के नहीं है उनकी भी अलग जातियां लिखी जा रही है।

केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए बजट पर उन्होंने कहा कि जहां-जहां चुनाव होता है वहां बजट ज्यादा रहता है हम मध्य प्रदेश की बात करें तो मध्य प्रदेश के साथ अन्याय हुआ है यहां की जनता ने 29 सांसद जीताकर भेजे हैं लेकिन मध्य प्रदेश को बजट में कुछ खास नहीं मिला है बजट में बंगाल एवं साउथ को बहुत कुछ दिया है। केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी के प्रश्न के प्रति उत्तर में उन्होंने कहा कि हमारे देश में वर्षो पुरानी परंपरा गुरु शिष्य की रही है इस परंपरा को बनाए रखना चाहिए।अगर स्कूल कॉलेज में कोई छात्र परेशान कर रहा है या रैंकिंग का कारण आता है तो इसके लिए प्रिंसिपल एवं अध्यापक है कोई छात्र लिमिट पार कर रहा है तो उसे स्कूल से निकाल दीजिए यह मामला स्कूल एवं उसके माता-पिता का है। यह मामला राजनीतिक पार्टी का नहीं है।

उन्होंने कहा कि यूजीसी का गठन सरकारी यूनिवर्सिटी को ग्रांड देने के लिए किया गया था आज यूजीसी अपने दायरे से बाहर काम कर रही है यह गलत है कांग्रेस पार्टी को इसका विरोध करना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के राज्यसभा में नहीं जाने की विषय पर उन्होंने कहा कि वह दो बार राज्यसभा जा चुके हैं वह विधायक से लगाकर मुख्यमंत्री तक रह चुके हैं दूसरे को भी मौका मिलना चाहिए। कांग्रेस पार्टी से निष्कासन के संबंध में उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के समय मैं राहुल गांधी को सोच समझकर बोलने को कहा था को कहा था इस बात को लेकर मुझे कारण बताओं नोटिस दिया गया और मुझसे कहा गया कि आप यह लिखित में दे दो कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे मैंने ऐसी छिछोर बातें नहीं लिखी इसलिए मुझे पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी के लेफ्ट हैंड सफल की है जो राज्यसभा टीवी के कर्मचारी थे जिन्होंने करोड़ों रुपए का घपला किया था उनको निष्कासित कर दिया गया है। ऐसे लोग राहुल गांधी के खास बने हुए हैं। सिंह ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी अपने सिद्धांतों एवं विचारों से भटक गई है इसीलिए सत्ता से दूर हुई है। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक वल्लभ भाई अम्बावतिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्रसिंह चौहान, लाला बलरामसिंह, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष बंसीलाल पाटीदार, राणा लवराज सिंह, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुंदरलाल यादव, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बालमुकुंद अम्बावतिया, कुशाग्र अम्बावतिया, जगदीश बैरागी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष वहीद मेंव, जब्बार भाई मेंव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## प्रदीप मिश्रा का अल्प प्रवास, धोबी चौराहे पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाजापुर।** शहर का माहौल सोमवार की सुबह उस वक्त पूरी तरह भक्तिमय हो गया, जब कुबेरेश्वर धाम के प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का नगर में आगमन हुआ। उनके आने की भनक लगते ही शहर में उत्साह की लहर दौड़ गई और देखते ही देखते धोबी चौराहे पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पंडित मिश्रा एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के उद्देश्य से अल्प प्रवास पर शाजापुर पहुंचे थे। उनके आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और भक्त धोबी चौराहे पर एकत्रित हो गए। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया और अपने आराध्य कथा वाचक की एक झलक पाने को आतुर दिखे। पंडित मिश्रा का यह प्रवास अत्यंत संक्षिप्त रहा। वे शहर में करीब आधे घंटे तक रुके। इस दौरान भीड़ के अपार उत्साह के बीच उन्होंने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। हालांकि, उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी और कोई सार्वजनिक बयान जारी नहीं किया, लेकिन उनकी उपस्थिति मात्र से समर्थकों में नई ऊर्जा का संचार देखा गया। इसके पश्चात वे अपने अगले निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। 1

## नागोरी पब्लिक स्कूल में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

**महिदपुर।** नागोरी पब्लिक स्कूल, महिदपुर में शाहीन अकादमी इंदौर द्वारा करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों को करियर विकल्प, प्रतियोगी परीक्षाओं का महत्व, 10वीं के बाद विषय चयन और ठएएळ परीक्षा की जानकारी दी गई। दानिश मुश्ताक सर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम पूर्व पार्षद लुकमान हुसैन नागौरी के प्रयास से हुआ तथा स्कूल शिक्षा समिति और शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने इसे उपयोगी बताया।

**400 से ज्यादा लोगों से पूछताछ और सैकड़ों सीसीटीवी खंगालने के बाद मिली कामयाबी**

# विराट हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर फाड़ने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



मक्सी पुलिस ने विराट हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर फाड़कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से ही पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। जानकारी के अनुसार बीती 23 जनवरी 2026 को फरियादी हरीश पाण्डे ने मक्सी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने विराट हिन्दू सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए पोस्टरों को फाड़ दिया है। इस घटना से हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मक्सी पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 28/2026 और बीएनएस की धारा 299 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत और एएसपी घनश्याम मालवीय के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया। घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे लगभग सभी सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की गई और क्षेत्र के 400 से 500 संदिग्धों और स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। इस गहन जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों शाकिर पिता फकीर मोहम्मद और राहुल पिता लीलाधर गोस्वामी दोनों निवासी कालाभाटा, मक्सी को चिन्हित किया और 2 फरवरी 2026 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस टीम को मिलेगा इनाम**

इस जटिल प्रकरण को सुलझाने में थाना प्रभारी संजय वर्मा, उप निरीक्षक अरविंद सिंह तोमर, उप निरीक्षक विजय खत्री, सउनि नरेन्द्र बुंदेला, प्र.आर. रामेश्वर जाटव, प्र.आर. राजेश पटेल, आरक्षक शेखर जाट, राहुल जाट और जगदीश मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम के उत्साहवर्धन के लिए उचित परितोषिक (नगद इनाम) देने की घोषणा की है।

# कांग्रेस ने फर्जी आपत्ति लेने वालों की एफआईआर दर्ज करने के लिए दिया आवेदन

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



वार्ड 18 के मतदाताओं के साथ कांग्रेस जन पुलिस थाने पहुँचकर बीजेपी के बीएलए व फर्जी आपत्ति लेने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया व जिला कलेक्टर प्रीति यादव को भी शिकायत की गई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तंवर ने कहा जहाँ सरकारी बीएलओ और बीजेपी के बीएलए मिलकर षड्यंत्र के तहत पात्र मतदाताओं के नाम काट रहे हैं। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने आज आगर थाने में आवेदन दिया है मतदाता द्वारा थाने में मतदान केंद्र क्रमांक सुभाष बाथम,दिनेश सेन,गोपाल कुम्भकर सहित अन्य मतदान केंद्र पर भी ऐसा फजीर्वाड़ा करने वालो के खिलाफ थाने पर आवेंदन दिया है एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव व जिला निर्वाचन प्रभारी अंकुश भटनागर ने कहा निर्वाचन आयोग ने बड़े-बड़े दावों के साथ कहा था कि एसआईआर के जरिए वह मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण कर रहा है। लेकिन अब साफ समझ में आ रहा है कि एस आई आर अपने काम में पूरी तरह विफल रही है। पहले तो प्रदेश में यह तथ्य सामने आया कि हजारों लोगों के नाम कटवाने के लिए फजी तरीके से आवेदन किया गया है। अब यह बात भी सामने आ गई है कि एक ही व्यक्ति के नाम से दर्जनों लोगों के नाम काटने के आवेदन भेजे गए और उस व्यक्ति को ऐसे किसी आवेदन की जानकारी ही नहीं है। हमारे नेता श्री राहुल गांधी ने शुरूआत से ही कहा है कि रक्क वोट चोरी का खुला षड्यंत्र है। सारी प्रक्रिया जनता को परेशान करने और भारत के समान्नित नागरिकों को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से चलायी गई। जनता के सामने यह ढोंग रचा गया कि मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण किया जा रहा है।

जबकि पिछले दरवाजे से ऐसे लूप होल छोड़ दिए गए जहाँ से सत्ताधारी पार्टी अपनी मजी के मुताबिक मतदाताओं का चयन कर सके। जब निर्वाचन आयोग का एक-एक घर जाकर रक्क के दौरान मतदाताओं को जाँच परख चुका है तो उसके बाद किसी गैर सरकारी व्यक्ति द्वारा किसी मतदाता का नाम काटने की सिफारिश करने की क्या तुक है? इसका सीधा मतलब है कि निर्वाचन आयोग को खुद ही रक्क की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भरोसा नहीं है और वह जानबूझकर पार्टी विशेष को लाभ पहुँचाने के लिए इस तरह के प्रावधान कर रहा है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तंवर, प्रदेश प्रवक्ता गुड्डू लाला,एनएसयूआई राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस शेख, अमित अजमेरा,कमल जाटव, पृथ्वीराज सिंह चौहान, इमरान अली,पवन कारपेंटर, सिरोंज मेव,विष्णु गुर्जर,गुलरेज खान सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पीएम सूर्यघर योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

प्रधानमंत्री एम एन आर ई सूर्य घर योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 दिवसीय सोलर एनर्जी निसबड उधमिता विकास कार्यक्रम भारत सरकार के माध्यम से प्रशिक्षण में रूम टॉप सोलर कंपोनेंट डिजिटल मार्केटिंग लाइफ स्किल बैंक से लोन लेकर डी आई सी के माध्यम से सोलर में आत्मनिर्भर भारत में अपना योगदान दे सकते हैं संस्था संपूर्ण निखार चैरिटी के माध्यम से यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह प्रशिक्षण 12 फरवरी को इंदौर आईटीआई में प्रधानमंत्री सूर्य ग्रहण प्रशिक्षण में सरकार ने बाहर से प्रशिक्षण लेने आ रहे प्रतिभागियों के लिए फ्री होटल की व्यवस्था भी की गई है इस प्रशिक्षण से प्रतिभागी अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं प्रशिक्षण की आयु 18 से 45 वर्ष व 10वी पास होना आवश्यक है कोई भी सोलर एनर्जी कार्यक्रम में भाग ले सकता है। सुशील निगम कौशल विकास उधमिता मंत्रालय के माध्यम से यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पुत्र व पुत्री अविनाशसिंह पिता तूफानसिंह आयु 25 वर्ष जाति राजपुत निवासी न्यू गीता कालोनी तोतला मार्ग तराना पोस्ट तराना तहसील तराना जिला उज्जैन म.प्र. व दिव्या पिता तूफानसिंह पति नरेन्द्रसिंह आयु 21 वर्ष जाति राजपुत निवासी ग्राम बिसनखेड़ा तहसील तराना जिला उज्जैन म.प्र. जो मेरे पक्षकार तूफानसिंह पिता बहादुरसिंह जाति राजपुत आयु 50 वर्ष निवासी नाथवाडा रोड़ शिवश्री टाकिज के पीछे तराना जिला उज्जैन की संतानें है तथा आप दोनों के द्वारा मेरे पक्षकार के साथ आये दिन बुरा बर्ताव किया जाकर उन्हे प्रताड़ित किया गया है तथा मेरे पक्षकार को आप दोनों ने पिता के सम्मान व सुख से वंचित किया है व आप दोनो ने अपनी मनमर्जी से कार्य कर मेरे पक्षकार को प्रताडित कर समाज में नीचा दिखाया व उनकी मान प्रतिष्ठा को भी धुमिल किया है व समाज में मेरे पक्षकार की गरिमा को ठेस पहुंचाई है व उन्हे शारीरीक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है। आप महोदय क्रमांक 1 अविनाशसिंह जो आप अपराध करने के आदी है व आपका आचरण व व्यवहार आपराधिक कृत्य का है व आप धारा 376 भा.द.वि. के तहत जेल में रहकर भी आये है व आपका आचरण उसके बाद भी नही सुधरा है तथा आप 1 व 2 ने मेरा पक्षकार जब दिनांक 08/12/2025 को तीर्थ यात्रा पर गये व दिनांक 16/01/2026 को तीर्थ यात्रा पर से वापस आये तो मेरे पक्षकार को यह ज्ञात हुआ कि आप क्रमांक 1 व 2 के द्वारा मेरे पक्षकार के बिना बताये षडयंत्र पुर्वक पक्ष क्रमांक 2 दिव्या की शादी ग्राम बिसनखेडा नरेन्द्रसिंह के साथ कर दी जो कि उक्त कृत्य के कारण मेरे पक्षकार को आप लोगो ने धोखा देकर मानसिक पीडा पहुंचाई व समाज में उनकी गरिमा भी गिर गई। आप दोनो के द्वारा मेरे पक्षकार को संतान के सुखो से वंचित कर आप दोनो ने अपने पिता के साथ अशोभनीय तथा दुख देने वाला कार्य कर प्रताड़ित किया है व लगातार प्रताड़ित करते चले आ रहे है। मेरे पक्षकार का मकान जो न्यू गीता कालोनी तराना में स्थित है उस पर आप पक्ष क्रमांक 1 अवैध रूप से निवास कर रहे है। मेरे पक्षकार द्वारा आप दोनो से अत्यधिक प्रताड़ित होने के कारण व आपके कारण समाज में मान प्रतिष्ठा धुमिल होने के कारण मेरा पक्षकार आप दोनो से अब भविष्य में कोई संबंध नही रखता है व आप दोनो को समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है व आज से मेरे पक्षकार की किसी भी सम्पत्ति पर आपका कोई अधिकार नहीं होगा व कोई भी सम्पत्ति में अधिकार प्राप्त करने के आप अधिकारी भी नही रहेगे व आप पक्ष क्रमांक 1 को जरिये सूचना-पत्र यह भी सुचित किया जाता है कि आप 8 दिवस में तत्काल उक्त मकान को खाली कर दे अन्यथा मेरा पक्षकार विधि अनुसार आपके विरूद्ध समस्त कार्यवाही करेगा जिसके समस्त परिणाम की जवाबदारी आप महोदय की होगी तथा समस्त सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार की दोनो संतानो के साथ किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार न करे क्यो कि मैंने दोनो को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है व दोनो से मेरा कोई संबंध नही है यदि किसी के भी द्वारा इन दोनो से कोई व्यवहार किया जाता है तो उसकी जवाबदारी संबंधित की होगी। सुचित हो।

**प्रकाशचन्द्र सोनी अभिभाषक तराना जिला उज्जैन**
**मोबाईल नं. 8770157054**

**सुसनेर में विधायक क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन-02 का रंगारंग आगाज**

# पहले मुकाबले में पत्रकार-पार्षद और पुलिस प्रशासन आमने-सामने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर के बड़ा जीन परिसर में रविवार को खेल और उत्साह से भरे माहौल के बीच विधायक क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन-02 का भव्य शुभारंभ हुआ। सुबह से ही मैदान में दर्शकों की खासी भीड़ देखने को मिली।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजन सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णुप्रसाद पाटीदार द्वारा श्रीराम के चित्र पर कुमकुम तिलक व पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात खिलाड़ियों व अतिथियों की मौजूदगी में राष्ट्रगान हुआ, जिससे मैदान देशभक्ति के रंग में रंग गया। टूर्नामेंट का पहला रोमांचक मुकाबला पत्रकार-पार्षद 11 और पुलिस प्रशासन टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पत्रकार-पार्षद टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 110 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से राहुल सिसोदिया ने 24 गेंदों पर ताबड़तोड़ 65 रन बनाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस प्रशासन टीम ने तीन विकेट खोकर 7 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और टूर्नामेंट की पहली जीत अपने नाम की। पुलिस टीम की ओर से आलोक परेटिया ने 25 गेंदों पर शानदार 65 रन बनाकर न सिर्फ टीम को जीत दिलाई। बल्कि मैन ऑफ द मैच का खिताब भी अपने नाम किया। इस मुकाबले में पत्रकार-पार्षद टीम की कप्तानी रजनीश सेठी ने की, जबकि पुलिस प्रशासन टीम के कप्तान आलोक परेटिया रहे। पत्रकार-पार्षद टीम में उप कप्तान दीपक राठौर सहित पत्रकार व पार्षद उपस्थित रहे। जबकि पुलिस प्रशासन टीम में हरीश यादव, गिरिराज जामलिया सहित अन्य खिलाड़ी शामिल रहे। मैच के दौरान उत्साहवर्धन के लिए मैदान पर कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पार्षद नईम अहमद मेव, राकेश कानूड़िया, ब्लॉक अध्यक्ष सरदार सिंह सारखा, दीपक भावसार, ग्यास भाई, नवनीत सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। मैच की रोचक कॉमेंट्री ईश्वर सिंह आमला ने की, जबकि टूनार्मेंट प्रबंधन की जिम्मेदारी दिलीप यादव ने संभाली। टूनार्मेंट को और आकर्षक बनाने के लिए विजेता टीम को बाइक, जबकि उपविजेता टीम को 51 हजार रुपये नकद का पुरस्कार विधायक भैरो सिंह परिहार बापू की ओर से दिया जाएगा। उक्त जानकारी विधायक बापू के निजी सचिव यशपाल सिंह परमार ने दी।

न्यूज-कॉलम

## शिवना रिवर फ्रंट के लिए 12 करोड़ रु.की स्वीकृति

**मन्दसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि शहर के समग्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा शिवना रिवर फ्रंट हेतु 12 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के अंतर्गत शिवना नदी के तटों का व्यापक विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। किले से धँसने वाली मिट्टी को भी रोक दिया जाएगा, जिससे नदी और आसपास का क्षेत्र सुरक्षित रहेगा। रिवर फ्रंट को आकर्षक बनाने हेतु आधुनिक लाइटिंग, भव्य फव्वारे, हरित क्षेत्र, आमोद-प्रमोद की सुविधाएँ, रेस्टोरेंट्स एवं अन्य नागरिक सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। अहमदाबाद के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर शिवना रिवर फ्रंट का निर्माण किया जाएगा, जो मन्दसौर शहर को एक नई पहचान देगा और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

## शिशु लोक लोकार्पण व शिशु नगरी उल्लास का आयोजन 6 फरवरी को

**मन्दसौर।** सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान में शिशु लोक लोकार्पण एवं शिशु नगरी च्उल्लासज का भव्य आयोजन 6 फरवरी, शुक्रवार को होने जा रहा है। विद्या भारती मालवा के प्रकल्प सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान संजीत मार्ग मंदसौर में उल्लास शिशु नगरी 2026 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विद्या भारती मध्य क्षेत्र के पदाधिकारी गण शिशु लोक का लोकार्पण करेंगे साथ ही 12 शैक्षिक व्यवस्थाएँ, रंगमंचीय प्रस्तुतियाँ एवं बाल मेला का आयोजन भी होगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित होंगे एवं इस भव्य आयोजन के साक्षी बनेंगे।

## 11 को विद्युत पेंशनर करेंगे धरना प्रदर्शन

**मन्दसौर।** विद्युत पेंशनरों की चम्बल कॉलोनी परिसर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया कि प्रदेश स्तर पर संघर्ष मोर्चा के आव्हान करने के तहत 11 फरवरी को चम्बल कॉलोनी गेट के सामने पेंशनरों द्वारा धरना दिया जाएगा। पेंशनरों की कई लम्बित मांगे पूर्ण नहीं होने से असंतोष व्याप्त हैं, इसके लिये संघर्ष मोर्चा द्वारा म.प्र. शासन द्वारा विद्युत पेंशनरों की पेंशन की गारंटी तथा केन्द्र के समान महंगाई राहत का भुगतान किया जावे, इसके लिये प्रदेश स्तर पर एक दिवसीय धरना आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष खूबचन्द शर्मा, सोसायटी अध्यक्ष अर्जुन झलोया, सचिव राजेन्द्रसिंह चौधरी, सोसायटी उपाध्यक्ष आर.एस. गुप्ता, उपाध्यक्ष पी.एल. कुमावत सहित डिवीजन अध्यक्षगण व सदस्य उपस्थित रहे।

## नीमच से सांवरिया सेठ दरबार तक पैदल यात्रा आज होगी रवाना

**नीमच।** नीमच से सांवलिया सेठ तक पैदल यात्रा आज 4 फरवरी को प्रारंभ होगी द्य सांवलिया मित्र मंडल व संयोजक समाजसेवी अरुल अरोरा के नेतृत्व में यह यात्रा आज 4 फरवरी को सुबह 8.30 बजे लायंस पार्क चौरहा से प्रारम्भ होगी। इस यात्रा में श्रद्धालुओं के हजारों की संख्या में सम्मिलित होने की जानकारी मिली हैं द्य हालांकि इस बार बिना पंजीयन भी भक्त यात्रा में सम्मिलित हो सकेंगे इसलिए अनुमान ही लगाया गया है कि प्रतिवर्ष अनुसार हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस पैदल यात्रा में सांवरिया सेठ के दरबार में पहुंचेंगेद्य यह यात्रा अनुशासित ढंग से उत्साह के साथ रवाना होगी जो निंबाहेड़ा में रात्रि विश्राम और भजन संध्या के साथ अगले दिन सुबह श्री सांवलिया सेठ दरबार में पहुंचेगी द्य पैदल यात्रा को लेकर एक बैठक भी संपन्न हुई जिसमें समिति सदस्यों ने भाग लेकर यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया । समिति सदस्य छोटूसिंह रावणा देंगे प्रस्तुति एडवोकेट मनीष जोशी, हरीश दूआ, गोपाल गर्ग जीजी,आदि ने इटलीत्रियों की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं को अंतिम स्वीकृति दी द्य इस यात्रा की तैयारियां समय पूर्व कर ली कर ली गई थी।

सूचना
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 7771090777, 9977755777

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रतलाम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 गोल्ड, 7 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीते

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

भोपाल में शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स का पावर हाउस बन चुका है।

खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि सरकार ने यह लक्ष्य तय किया है कि खेल अधोसंरचना के मामले में मध्य प्रदेश देश में नंबर वन बने। आने वाले समय में प्रदेश संभवतः पहला राज्य होगा, जहां हर विधानसभा स्तर पर कम से कम एक खेल अधोसंरचना का निर्माण किया जाएगा।

रतलाम के खिलाडियों ने जीते मेडल जिला खेल अधिकारी श्रीमती रुचि शर्मा ने खिलाडियों को बधाई दी है। एथलेटिक्स कोच निर्मला डामोर भटेवरा के मार्गदर्शन में भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रतलाम के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए १ गोल्ड, 7 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। शिवेंद्र सिंह राठौर ने शॉट पुट में गोल्ड मेडल हासिल किया डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल , जबकि रंगलाल डोडियार ने तीन हजार मी. दौड़ में सिल्वर मेडल जीता।



मोहित सिंह ने 400 मी हर्डल्स में सिल्वर और 110 मी. हर्डल्स में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। प्रिंस परमार ने लॉन्ग जंप और जैवलिन थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल जीते, जबकि अंशिका ने शॉट पुट में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसमें 4.400 मीटर रिले में सिल्वर मेडल विनायक राव, देवेश शर्मा, मोहित सिंह और रंगलाल डोडियार का रहा है। जिला खेल अधिकारी श्रीमती रुचि शर्मा ने खिलाडि?ों को बधाई दी है और उनकी सफलता पर खुशी जताई है। खिलाडियों को नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। विजेता खिलाडि?ों को गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल और ब्राउंस मेडल पर क्रमशः 31000/21000 /11000 और चतुर्थ स्थान प्राप्त खिलाड़ी को 7000 का नगद पुरस्कार खिलाडियों के बैंक खाते में मध्य प्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जमा कराया जाएगा।

# शाम के भोजन व रात्रि विश्राम के बीच 3 घंटे का अंतराल होना चाहिए- डॉ. वार्ष्णेय

## आरोग्य भारती की स्वस्थ जीवन शैली केन्द्रित संगोष्ठी सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर




हमारी वैदिक पद्धति अनादिकाल से सशक्त रही है। मानव जगत को हर प्रकार के रोगों से मुक्त करने के लिए प्रकृति ने हमें पेड़ पौधों वनस्पति के रुप में विभिन्न औषधियां प्रदान की है। प्रकृति हमारी सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक है।

उक्त बात आरोग्य भारती द्वारा आयोजित च्स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां एवं स्वस्थ जीवन शैली विषयज्ज पर आयोजित वृहद संगोष्ठी में जगद्रुरू शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ भानपुरा पीठ ने कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम मंदसौर में कही। स्वामीजी ने कहा कि आंवला उदर रोग के लिए और अर्जुन का वृक्ष हृदय रोग के उपचार में वरदान सिद्ध हुआ है। खाली जमीन व अन्य स्थानों पर आंवले, अर्जुन के पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले डीजे बंद करवाने की भी बात कही ।

प्रमुख वक्ता आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि तन के साथ मन से भी प्रकृति से जुड़ना हितकारी है। दृढ़ संकल्प व इच्छाशक्ति और उपचार से गंभीर रोगों से भी मुक्ति पाई जा सकती है । आपने कहा कि शाम के भोजन व रात्रि विश्राम के बीच ३ घंटे का अंतराल होना चाहिए। कृषि विश्वविद्यालय सीहोर के कुलपति डॉ. इन्द्रसिंह तोमर ने भी विचार रखे। इस दौरान उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर द्वारा औषधि फसलों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई।

इस दौरान आरोग्य भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ. विष्णुसेन कछावा, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, उद्यानिकी महाविद्यालय डीन डॉ. इंद्रसिंह तोमर, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी, जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश बोराना, समाजसेवी प्रहलाद काबरा, दृष्टानंद नैनवानी, डॉ. मनीषा मेहता आदि उपस्थित रहे। स्वागत भाषण संरक्षक अशोक कुमठ ने दिया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने किया व आभार डॉ जवाहरसिंह मंडलोई ने माना।



## बिना सर्वे तत्काल मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**मन्दसौर।** जिले के मल्हारगढ़ क्षेत्र में पिछले दिनों हुई भीषण ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से किशनगढ़, झारड़ा, हरमाला और पामाखेड़ा सहित अनेक गांवों में फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसी संकट को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और प्रभावित किसानों ने मन्दसौर स्थित नारकोटिक्स कार्यालय का घेराव किया और केंद्रीय वित्त मंत्री के नाम जिला अफीम अधिकारी एस. के. हिंगड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मांग की कि फसलों में शत प्रतिशत नुकसान को देखते हुए प्रति 10 आरी पर 5 लाख रुपये और 5 आरी पर 2.50 लाख रुपये का मुआवजा तुरंत दिया जाए।पुराने जटिल नियमों में बदलाव कर अफीम नीति निर्माण में वास्तविक किसानों को शामिल किया जाए। सीपीएस पद्धति को समाप्त कर सभी किसानों को समान रूप से 10 आरी के पट्टे दिए जाएं और चीरा लगाने का लाइसेंस बहाल हो। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में किसान का कोई दोष नहीं है, फिर भी पट्टे कटने के डर से वह मानसिक तनाव में है। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, सोमिल नाहटा, मन जीत सिंह टुटेजा, रूपल संचेती, राजनारायण लाड़ सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक अध्यक्ष, जनपद सदस्य और झारड़ा-मल्हारगढ़ क्षेत्र के सैकड़ों पीड़ित किसान उपस्थित थे।

# जांगड़ा पोरवाल समाज का 15वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न





## 400 से अधिक प्रतिभागियों ने की सहभागिता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जांगड़ा पोरवाल समाज मंदसौर का १५वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन लॉ कॉलेज परिसर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में समाज के 400 से अधिक युवक-युवतियों ने सहभागिता कर वैवाहिक परिचय प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की एकता, पारदर्शिता और भावी पीढ़ी के उज्वल भविष्य के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम में सर्वाधिक पंजीयन कराने वाले प्रभारी जगदीश काला, कमल गुप्ता, संजय डपकरा और लोकेंद्र सर्राफ का पगड़ी एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के 80 पंजीयन प्रभारियों को भी सम्मानित किया गया। पुरस्कार सीए अशोक रत्नावत, एडवोकेट पंकज वेद, जगदीश सेठिया और सुनील धनोतिया की ओर से प्रदान किए गए। विशेष सहयोग के लिए शांति दिनेश फरक्या, अमन फरक्या और व्याख्याता अशोक धनोतिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम माला-रहित और डिस्पोजल-मुक्त रखा गया।

प्रारंभ में गणेश वंदना रेखा उदिया, निधि गुप्ता, विद्या गुप्ता, ममता मोदी और ज्योति काला ने प्रस्तुत की। स्वागत नृत्य कुसुम सेठिया, कविता सेठिया, शांति फरक्या, सुधा फरक्या, ममता रत्नावत और रानी रत्नावत द्वारा प्रस्तुत किया गया। संचालन समाज प्रवक्ता दिलीप सेठिया ने किया।

## भागवत कथा जीवन को दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ, गौसेवा से प्रसन्न होते हैं भगवान - देवेंद्र शास्त्री

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



धर्म, भक्ति एवं गौसेवा के पावन उद्देश्य को लेकर आयोजित धर्मध्वजा एवं गौसेवा महोत्सव के अंतर्गत बरखेड़ापंथ स्थित श्री राधे-कृष्ण गौशाला परिसर में पिपलिया पत्रकार हितार्थ एवं सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और वैचारिक चिंतन का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कथा प्रवक्ता देवेंद्र शास्त्री (धारिया खेड़ी) ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत कोई साधारण कथा ग्रंथ नहीं, बल्कि उन परमहंसों का चरित्र है, जिन्होंने अपने जीवन में नैतिक मूल्यों, कर्तव्यों और सत्य के मार्ग पर चलकर आदर्श जीवन जिया। उन्होंने कहा कि भागवत मनुष्य को केवल जीना नहीं सिखाती, बल्कि मृत्यु को भी सुंदर और सार्थक बनाने का उपक्रम है।

शास्त्री ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत क्षणभंगुर है। जीवन में कब कैसी परिस्थिति उत्पन्न हो जाए, इसका अनुमान लगाना कठिन है। उन्होंने हाल ही में जिले में हुई ओलावृष्टि का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रकृति ने जिले पर कहर बरपाया, जिससे कई गांवों में किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं। किसान दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार करता है, लेकिन एक ही झटके में उसकी वर्ष भर की मेहनत नष्ट हो जाना अत्यंत पीड़ादायक है।

# जनसुनवाई में 105 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 105 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक जयमंगल निषाद निवासी 90 इंदिरा नगर रतलाम ने पूत्र की समग्र आईडी में पिता के नाम के स्थान पर अन्य व्यक्ति का नाम जुड़ जाने के कारण समग्र आईडी में सुधार हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। आवेदिका मुन्नीबाई पति भंवरलाल नंदराम निवासी नामली ने बिजली बिल अधिक आने के कारण बिजली मीटर की जांच करवाने के सम्बन्ध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु ई ई एम पी ई बी को निर्देशित किया गया।

# जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक जोन उज्जैन द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में दिनांक 3 फरवरी को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया।

जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. श्री अंकित जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. श्री अंकित जायसवाल द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-१, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 16 सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान लगभग 56 फरियादियों द्वारा एसपी श्री अंकित जायसवाल के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई जाने पर एसपी श्री अंकित जायसवाल द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के शिघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक श्री जायसवाल द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गयें कि सभी आवेदनों का समय पर एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जावें।

जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा एवं उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा सुश्री निकीता सिंह सहित जिलें के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी सहित फरियादी/आवेदक उपस्थित रहें।




## महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न निवारण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लघु नाटिका का आयोजन

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न निवारण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में एक लघु नाटिका का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए क्लब प्रभारी श्रीमती निशा जटिया ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को महिला उत्पीड़न के विभिन्न स्वरूपों, उनके अधिकारों तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध चुप रहना समाधान नहीं है, बल्कि साहसपूर्वक आवाज उठाना ही सशक्त कदम है। नाट्य प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला सम्मान एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और शिक्षण संस्थाओं का भी नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी को महिला सम्मान, सुरक्षा एवं समानता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन छात्रा हंसिका परमार द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम संयोजक द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागी छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## यूजीसी के नए नियमों के विरोध में राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर।** जिला राजपूत समाज संगठन, मन्दसौर द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में बनाए गए नियमों को भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर इन नियमों को तुरंत वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन के पूर्व महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर समाजजनों ने एकत्र होकर यूजीसी के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। राजपूत समाज ने कहा कि यूजीसी द्वारा जातिगत आधार पर सामान्य वर्ग के प्रति भेदभावपूर्ण नियम बनाए गए हैं। इन नियमों को बनाने वाली समिति में भी सामान्य वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान नहीं किया गया है। संगठन ने इसे पूरी तरह से गैर-संवैधानिक करार दिया है। जिला अध्यक्ष रूघनाथ सिंह राठौर काचरिया ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि यूजीसी नियम 2026 को वापस नहीं लिया जाता है, तो समाज उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगा। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह शक्तावत, भोपाल सिंह सिसोदिया, नरेन्द्र सिंह चौहान, अजय सिंह चौहान,भूपेंद्र सिंह राठौर,के के सिंह भाटी, रिपुदमन सिंह चंद्रावत, दशरथ सिंह चंद्रावत, धर्मपाल सिंह देवड़ा,रघुवीर सिंह राठौर, प्रीतिपाल सिंह राणा, जितेन्द्र सिंह राणा, मदन सिंह देवड़ा, गोपाल सिंह कोचवी,कुशाल सिंह शक्तावत, विजेन्द्र सिंह चुंडावत आदि समाजजन उपस्थित थे । आभार समाज सचिव भूपेन्द्र सिंह राठौर (खेड़ी) ने माना।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने दिव्यांग शांति बाई को नि:शुल्क ट्राईसिकल प्रदान की



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 90 आवेदकों को समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एडीएम श्री बी.एस.कलेश, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, श्री चंद्रसिह धार्वे व जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कलेक्टर ने बंगला नम्बर 32, वार्ड नम्बर 26 नीमच केंट निवासी दिव्यांग शांतिबाई को निःशुल्क ट्राईसिकल प्रदान की है। कलेक्टर के हाथो ट्राईसिकल पाकर शांतिबाई खुशी-खुशी अपने घर को रवाना हो गई। जनसुनवाई में अठाना की नानीबाई पति रामकरण के आवेदन पर गम्भीर बीमारी के निःशुल्क उपचार के लिए एमवाय इंदौर से चर्चा कर, निःशुल्क उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीमच डॉ.दिनेश प्रसाद को दिए है। जनसुनवाई में राजपुरिया के कन्हैयालाल, श्यामलाल, दारू के नंदलाल, जूना भदाना के कारूलाल, कंजार्डा के शंभुलाल, रेवली देवली के शांतिलाल, जुना मालाहेडा की बच्चीबाई, लसुडी तंवर की आशा बाई, सरजना की चतरबाई, मनासा के रोहित कछावा, सिंगोली के पियुष, श्रीपुरा के कन्हैयालाल, ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

## महापौर प्रहलाद पटेल ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 7 की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण व ओपन जिम निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, महामंत्री विवेक शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती देवश्री पुरोहित क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि 31 लाख की लागत विभिन्न सड़कों का डामरीकरण व 2 लाख की लागत से ओपन जिम के निर्माण का कार्य किया जायेगा। उन्होने कहा कि नगर निगम द्वारा नगर व नागरिकों के हित में विकास कार्य करा रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने हेतु अपना योगदान देवें।



## सोंधिया राजपूत समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को

**आगर मालवा।** समाज में बढ़ते विवाह खर्च और सामाजिक एकता को मजबूती देने के उद्देश्य से सोंधिया राजपूत समाज द्वारा द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 25 अप्रैल 2026 (शनिवार) को किया जा रहा है। यह सम्मेलन कानड़ स्थित दरबार कृषि फार्म, बैंक ऑफ इंडिया के सामने आयोजित होगा। यह निर्णय सोंधिया राजपूत समाज आगर के जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह जी बोडना की अध्यक्षता में आर्य समाज मंदिर दयानंद मार्ग में हुई विशेष बैठक मे लिया गया विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष पर भी विचार हुआ जिसमें सर्व सहमति से ग्राम सनावदि के युवा सरपंच जगदीश सिंहचोहान को विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया।सम्मेलन की शुरूआत प्रातः बारात आगमन से होगी, इसके बाद प्रतिज्ञा कार्यक्रम एवं शुभ लग्न में वर-वधु सात फेरे लेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज के जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करने के साथ ही सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा दिया जाएगा।सम्मेलन में वर पक्ष एवं वधू पक्ष की सहभागिता राशि 25-25 हजार रुपये निर्धारित की गई है। साथ ही नवदंपतियों को गृहस्थ जीवन की शुरूआत के लिए आवश्यक घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी, जिसमें बर्तन, फर्नीचर, कूलर, सिलाई मशीन सहित अन्य उपयोगी सामान शामिल रहेगा।आयोजन समिति द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों के पंजीयन हेतु विभिन्न केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं। समिति अध्यक्ष जगदीश सिंह चौहान एवं संरक्षक रामलाल सिंह सिसोदिया ने समाज के अधिक से अधिक परिवारों से सम्मेलन में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की है।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि यह सम्मेलन समाज की एकजुटता का प्रतीक बनेगा तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा सिद्ध होगा।

## प्रमोद त्रिवेदी बने श्री गोड. ब्राह्मण समाज कानड़ के अध्यक्ष



**कानड।** नगर के ब्राह्मण सेरी में कुलदेवी मांगलिक भवन परिसर में शनिवार को हुई श्रीगोड ब्राह्मण समाज की बैठक में प्राथमिक साख सकारी संस्था दुपाडा के प्रबंधक प्रमोद कुमार त्रिवेदी को श्री गोड ब्राह्मण समाज कानड का सर्व समिति से अध्यक्ष चुना गया साथ ही उपाध्यक्ष पद पर विद्याधर शर्मा, महामंत्री पद पर मनीष शर्मा, सचिव विष्णु त्रिवेदी, सहायक सचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी,एवं संयुक्त सचिव जितेंद्र शर्मा, स प्रवक्ता में योगेश शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कैलाश नारायण शर्मा,संतोष शर्मा,प्रवीन शर्मा,मनोज त्रिवेदी, महेश शर्मा, आदि ब्रह्म समाज के सदस्य उपस्थित थे प्रमोद त्रिवेदी के श्री गोड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बनने पर कानड आर्य समाज समाज मंदिर दयानंद मार्ग पर सरोफा बांधकर स्वागत किया गया इस मौके पर सुरेंद्र कुमार राठौर, जिला पंचायत सदस्य लोकेंद्र सिंह सोलंकी, पार्षद दरबार सिंह आर्य, अमृतलाल शर्मा, दिलीप आर्य,हरि ओम सरल आदि अन्य लोग उपस्थित थे ।

## गुरु रविदास की 649 जयंती मलावर में निकला विशाल चल समारोह



**ब्यावरा।** मलावर नगर में गुरु रविदास की 649 जयंती पर नगर के विभिन्न मार्गो में निकला विशाल चल समारोह अहिरवार समाज के तत्वाधान में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जन्म जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई जिस जिसमें समाज के सभी समाज बंधुओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं विशाल चल समारोह मलावर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कॉलोनी मलावर में समापन हुआ जिसमें सभी वरिष्ठ जन्म एवं माता बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।चल समारोह में नवयुवक और महिलाएँ डॉ. भीमराव अम्बेडकर के के नारे लगाते हुए चल रहा था पूरा नगर जय भीम के नारों से गूंज रहा था नवयुवक और नन्हीं बालिकाएं और महिलाएं अपने हाथ में संविधान को लेकर चल रही थी युवा और महिलाएँ बड़ी संख्या में डीजे के धुन पर नृत्य करते हुए चल रहे थे पुलिस प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहा अहिरवार नव युवक संघ ने पुलिस और सभी नगर वासियों का आभार व्यक्त किया चल समारोह का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया और मालाबार क्षेत्र आस पास के दर्जनों गांव के हजारों समाज बंधु शामिल हुए ।

## विश्वकर्मा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**सुसनेर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विश्वकर्मा समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेशचन्द्र विश्वकर्मा को स्थानीय विद्यायक भैरोसिंह परिहार बापू की अनुशंसा पर नियुक्त किया हे । विश्वकर्मा की नियुक्ति पर इष्ट मित्रो ने हर्ष व्यक्त किया हे।



पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली:

# पूर्णिमा पर भैंसवामाता आए श्रद्धालुओं से ठेकेदार ने वसूले 50 रुपए, तहसीलदार तक पहुंची शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



भैंसवामाता में चल रहे माघ मेले और पूर्णिमा की रात मां बिजासन धाम पहुंचे श्रद्धालुओं से पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें सामने आई है। पार्किंग का ठेका होने के बाद में मंदिर ट्रस्ट के सचिव एवं सारंगपुर तहसीलदार के द्वारा आदेश जारी कर ठेकेदार को दो पहिया वाहन चालकों से निर्धारित शुल्क 10 रुपए एवं चार पहिया वाहन के लिए 20 रुपए निर्धारित किए थे। लेकिन बीती रात लोगों से 10 रुपए की जगह पर प्रत्येक वाहन 50-50 रुपए की अवैध वसूली ठेकेदार के कर्मचारी के द्वारा गई। गौरतलब है कि मां बिजासन के दरबार में पूर्णिमा के दिन रात्रि में मां की पालकी निकाली गई जिसमें दूर दराज के श्रद्धालु अपनी आस्था विश्वास के साथ मां के दरबार में दर्शन करने के लिए पहुंचे। वाहनों की सुचारू पार्किंग व्यवस्था के लिए यहां देखने में आया है कि दोपहिया वाहन पार्किंग के 10 रुपये तथा फोर व्हीलर गाडी के 20 रुपये निर्धारित करने के आदेश से ठेकेदार को दिया गया था, जिसके चलते पूर्णिमा के दिन रात को पार्किंग के नाम पर चार गुना अधिक 50 रुपए दो पहिया वाहन चालक श्रद्धालुओं से एवं फोर व्हीलर वाहनों से अधिक राशि अवैध रूप से वसूल की गई।

मेला ट्रस्ट शासन के निर्देश का ठेंगा दिखाते हुए ठेकेदार रामबाबू भिलाला की मनमानी के कारण वाहन पार्किंग के नाम पर पूर्णिमा के दिन एवं रात में लाखों रुपए वाहन पार्किंग के नाम पर इनके बिठाए गए कर्मचारीयों के द्वारा वसूले गए। इस मामले में मंदिर पहुंचने वाले राजकुमार राठौर, रामबाबू राठौर, कृष्ण पाल सोलंकी, धर्मेंद्र सोलंकी, मुकेश टेलर, श्याम भिलाला, अंकित सैनी से बातचीत की गई तो उन्होंने अवैध वसूली की बात कही गई। इसके साथ ही ठेकेदार के कर्मचारीयों द्वारा दी गई 50 रुपए की पर्ची भी दिखाई गई। जब अवैध वसूली की जा रही थी तक लोगों ने इस बारे में बातचीत करते हुए वीडियो बना लिया। जिसमें ठेकेदार के कर्मचारी 50 रुपए प्रति वाहन के हिसाब से पैसे लेने की बात कह रहे हैं। इसके साथ ही लोगों ने पर्ची भी दिखाई, जिसमें 50 रुपए की पर्ची बनाकर जमा की गई है। श्रद्धालु लोगों ने मांग की है कि ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही कर अवैध रूप से वसूली की गई राशि वसूल की जाए।

**बोले जिम्मेदार**

मेले में वाहन पार्किंग के नाम पर अवैध रूप से वसूली की शिकायत मौखिक रूप से श्रद्धालु लोगों द्वारा की गई है। मामलेकी निष्पक्ष जांच कराई जा रही है।

**आकाश शर्मा, मंदिर ट्रस्ट सचिव एवं तहसीलदार। सारंगपुर।**

# कांग्रेस की गांव चौपाल में जनता की समस्याओं पर हुआ सार्थक संवाद

### संवैधानिक समाधान का भरोसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।




ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कासोरकला में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित गांव चौपाल कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के नेतृत्व में, एवं ब्लॉक अध्यक्ष राहुल दांगी के संयोजन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची एवं कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके संवैधानिक अधिकारों के अंतर्गत समाधान निकालने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव आम जनता के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और लोकतांत्रिक व संवैधानिक तरीकों से जनसमस्याओं के समाधान हेतु निरंतर संघर्ष करती रहेगी। गांव चौपाल जैसे कार्यक्रम जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं। ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस चौपाल के माध्यम से उन्हें अपनी समस्याएं सीधे रखने का अवसर मिला, जिससे समाधान की उम्मीद और मजबूत हुई है। साथ ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह जी ने कांग्रेस पार्टी की ग्राम समिति के सदस्यों का स्वागत किया कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं ने यह संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी गांव-गांव जाकर जनता से संवाद की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रखी जाएगी गांव चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, पूर्व विधायक विजयसिंह भाटपुरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भारत वर्मा विजय बहादुर सिंह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र यादव, विश्वनाथ दांगी विष्णु देव शास्त्री रचना भार्गव गंगा चौहान ज्ञानु विजयवर्गीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा राजुकमार जाट राजेश सौंध्या कपिल शिवहरे जगदीश सेन विष्णु गुर्जर संजय बंसल विश्वनाथ दांगी, मंडलम अध्यक्ष महेश्वर सिंह लक्की दांगी, युका ब्लॉक अध्यक्ष राजू सोंधीया, रूपसिंह सरपंच ग्राम अध्यक्ष सुमेर सिंह, पवन सोंधीया, लखन यादव, सुरेश जाटव जय जगताप फूलसिंह वर्मा संजय पंवार विकास गुप्ता सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## लौटेगी शादी-ब्याह की रौनक, 5 फरवरी से बजेगी शहनाई, शुरू होंगे विवाह के शुभ मुहूर्त

**सुसनेर।** लंबे अंतराल के बाद नगर व अंचल में एक बार फिर शादियों की धूम शुरू होने जा रही है। वर्ष 2026 का पहला शुभ विवाह मुहूर्त 5 फरवरी से प्रारंभ होगा। जिससे सुसनेर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह आयोजनों की तैयारियां तेज हो गई हैं। जनवरी माह में शुक्र ग्रह के अस्त रहने के कारण विवाह के कोई मुहूर्त नहीं थे। लेकिन अब ग्रहों की अनुकूल स्थिति बनने से शुभ कार्यों की शुरूआत होगी। जानकारी के अनुसार वर्ष 2026 में कुल 59 शुभ विवाह मुहूर्त रहेंगे। फरवरी से मार्च के प्रथम सप्ताह तक विवाह संपन्न किए जा सकेंगे। फरवरी माह में 12 और मार्च में 8 शुभ मुहूर्त रहेंगे। हालांकि फरवरी के अंत से 4 मार्च तक होलाष्टक काल के चलते विवाह कार्यों पर रोक रहेगी। इसके बाद 14 मार्च से 13 अप्रैल तक खरमास के कारण विवाह स्थगित रहेंगे। अप्रैल और मई में भी 8-8 शुभ मुहूर्त रहेंगे जिससे गर्मी के मौसम में भी विवाह आयोजन संभव होंगे। वहीं वर्ष का अंतिम विवाह मुहूर्त 6 दिसंबर 2026 को रहेगा। कुछ महीनों में एक भी विवाह मुहूर्त नहीं होने के कारण लोग पहले से ही तिथियां सुरक्षित कराने में जुट गए हैं। सुसनेर में मैरिज गार्डन, धर्मशालाओं और बैंड-बाजे वालों के पास अग्रिम बुकिंग शुरू हो चुकी है। पंडित प्रवीण भट्ट ने बताया कि वर्ष 2026 में शुक्र ग्रह 9 दिसंबर 2025 से 1 फरवरी 2026 तक अस्त रहेगा। इसी कारण खरमास समाप्त होने के बाद भी जनवरी में विवाह वर्जित रहे। 4 फरवरी से शुक्र के उदय होने के बाद विवाह पुनः प्रारंभ होंगे। शास्त्रों के अनुसार विवाह के लिए गुरु ग्रह का उदय होना अनिवार्य माना गया है। वैदिक ज्योतिष में गुरु को शुभ फलदायी ग्रह कहा गया है। गुरु की शुभ स्थिति से दांपत्य जीवन सुखमय रहता है।

## केरियर मेला एवं 12वीं का विदाई समारोह संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में पांच दिवसीय केरियर मार्गदर्शन मेले का समापन एवं कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया उसके पश्चात अतिथियों का पुष्पमाला शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह के द्वारा सम्मान प्राचार्य किशोर परमार के द्वारा किया । वर्ष भर संचालित शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही पांच दिवसीय केरियर मार्गदर्शन मेले के अंतिम दिवस में केरियर काउंसलर के रूप में शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के प्राध्यापक डॉ. जाकिरउद्दीन अहिंगर एवं शाखा प्रबंधक दिनेश दांगी ने छात्रों को उच्च शिक्षा विभाग तथा बैंकिंग जैसे विषयो के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉक्टर जाकिर उद्दीन अहिंगर के द्वारा गत वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार राशि 1000/ प्रति छात्र प्रदान की गई एवं उनके द्वारा घोषणा की गई कि प्रतिवर्ष बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को इसी प्रकार पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में आभार वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार दुबे ने माना एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश कमलकर द्वारा किया गया।

गणेशपुर मंडल में हिंदू सम्मेलन

# 100 वर्ष से हिंदू स्वाभिमान का प्रहरी संघ-विश्वकर्मा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर




सुसनेर खंड के गणेशपुरा मंडल में रविवार को भव्य 'हिंदू सम्मेलन' का आयोजन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में भक्ति और राष्ट्रवाद का अनूठा संगम देखने को मिला, जहाँ 8 गाँवों के लगभग 1500 समाज जन एकजुट हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय गोरक्षा प्रमुख सोहन जी विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्षों के सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे स्थापना के समय की कठिन परिस्थितियों और प्रतिबंधों के दौर से गुजरते हुए संघ आज वटवृक्ष बना है। उन्होंने उल्लेख किया कि समाज की आवश्यकतानुसार संघ ने शिक्षा के लिए विद्या भारती, युवाओं के लिए एबीवीपी, मजदूरों के लिए भारतीय मजदूर संघ और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों के माध्यम से संस्कार और सेवा का कार्य किया है।

### हिंदू स्वाभिमान और चुनौतिया

अपने संबोधन में उन्होंने जोर देकर कहा कि राम मंदिर आंदोलन, विवेकानंद स्मारक और सेतु समुद्रम जैसी परियोजनाओं के संरक्षण में संघ हमेशा हिंदू स्वाभिमान के साथ खड़ा रहा। उन्होंने अमरनाथ श्राइन बोर्ड और तिरुमाला जैसे विषयों का जिक्र करते हुए वर्तमान चुनौतियों के प्रति भी समाज को सचेत किया।

### पंच परिवर्तन का आह्वान

सम्मेलन में उपस्थित श्रीमती मनीषा दुबे ने समाज में 'पंच परिवर्तन' का आह्वान किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन (पारिवारिक संस्कार), स्वदेशी का उपयोग, सामाजिक समरसता और नागरिक अनुशासन को जीवन में उतारने की अपील की। वहीं, पंडित राधेश्याम जी दुबे ने हिंदू संस्कृति की विशेषताओं से सभी को अवगत कराया।

कार्यक्रम का समापन 'भारत माता की आरती' के साथ हुआ, जिसके बाद सभी उपस्थित बंधुओं ने एक साथ बैठकर 'समरसता भोज' किया, जो सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बना।

## सनसनी खेज मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने दी उम्र कैद की सजा

**खाचरौद।** थाना खाचरोद क्षेत्र के 8 वर्ष पूर्व ग्राम थडोदा निवासी विक्रमसिंह खेत पर रात्रि में सोए थे, कोई अज्ञात बदमाशों ने विक्रम सिंह को मारपीट कर पलंब से ही बांध दिया और चाकू से हमला कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इससे विक्रम सिंह की मृत्यु हो गई थी। मृतक विक्रम सिंह के पुत्र की सूचना पर खाचरौद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध क्रं. 298/2017 दर्ज की थी। बदमाशों के खिलाफ कोर्ट में चालान डायरी पेश कर शासन की ओर से अभियोजन अधिकारी रजनीश उपाध्याय ने मृतक की ओर से पैरवी की थी इसमें मृतक की पीएम रिपोर्ट पुलिस जांच मोबाईल लोकेशन काल डिटेल और अन्य साक्षियों के आधार पर कैलाश पिता मांगू डोडियार उम्र-26 वर्ष, प्रेमचंद पिता नरसिंह उम्र-38 वर्ष, नंदू पिता लूणा उम्र-36 वर्ष को आरोपी बनाया गया था। आरोपी कैलाश पिता मांगू डोडियार को रावटी से पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, दो आरोपी प्रेमचंद पिता नरसिंह उम्र-38 वर्ष, नंदू पिता लूणा उम्र-36 वर्ष अभी भी फरार है बदमाशों ने भैंस और पाडी को कसाई को बेंच दिया था, जिस पर कसाई को भी चोरी का माल खरीदने पर आरोपी नौशाद को भी आरोपी बनाया है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती नीतूकांता वर्मा की कोर्ट ने आरोपी कैलाश पिता मांगू डोडियार को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।



## होली के डांडे का पूजन

**खाचरोद।** होली डांडा पूर्णिमा के पावन अवसर पर शमशान होली डांडे की पूजा कर होली डांडे का रोपन श्मशान में किया और बाबा भैरवनाथ की पूजा की कार्यक्रम महामंडलेश्वर जगदीशचंद्र प्रजापति के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में जगदीश ट्रेलर संदीप भाई रतलाम बाबू भाई बैरागी भइयों कपूर लविश राठौर एवं कई भक्तगण उपस्थित थे।

## शिक्षक संघ में भारत आयाम में प्रदेश अध्यक्ष रावल नियुक्त

**खाचरोद।** शिक्षकों के नेता राजेंद्र रावल को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ में समर्थ भारत आयाम का प्रदेश प्रमुख बनाए जाने पर शिक्षकों में हर्ष है, सेवा निवृत रावल जी ने मध्य प्रदेश शिक्षक संघ में पूर्व जिला अध्यक्ष व ब्लॉक तहसील संभाग में कई पदों पर पूर्व में कार्य किया है उनका संभागीय संगठन मंत्री का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हें यह नई जिम्मेदारी पिछले दिनों गुना में हुई प्रांत की बैठक में प्राप्त हुई, बैठक में अखिल भारतीय पदाधिकारी व प्रांतीय कर्मचारियों की सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, प्रदेश अध्यक्ष छत्रवीर सिंह राठौड़ ने घोषणा कर सौंपी है। समर्थ भारत आयाम का प्रदेश प्रमुख बनाए जाने पर श्री राजेंद्र रावल को कई पदाधिकारीयों ने शिक्षकों ने बधाइयां दी है जिनमें प्रमुख है जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया, संभागीय सचिव दिग्विजय सिंह चौहान संभागीय सह संगठन मंत्री सुभाष चंद्र पाटीदार, सुनील सोनावा ,जगदीश सिंह केलवा, सुभाष सेठिया दीपक घोचा, भागीरथ नंदेडा अशोक शर्मा, प्रविण भाटी मदन लाल ,पांचाल यशवंत मदारिया, शोभाराम परासिया, रामगोपाल बंबोरिया, प्रभुलाल जोशी जगदीश उपाध्याय शत्रुघ्न सिंह सिसोदिया, गोवर्धनलाल सागित्रा आदि शिक्षकों ने बधाइयां दी।



### आत्म निर्भर भारत की ओर बढते कदम

## मंत्री टेटवाल ने श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज का शुभारम्भ



**सारंगपुर।** खेल जीवन का अहम अंग है खेलो से जीवन तंदुरुस्त रहता है। वहीं खिलाडी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर का एवं प्रदेश का नाम रोशन करते है। युवा को खेलने के लिए अच्छे एवं गुणवत्ता पूर्ण खेल सामग्री का होना आवश्यक है। इसी कड़ी में श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज पर सभी प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध होने से नगर एवं आस पास के खिलाडियों को सुविधा होगी। यह बात दीपकव शर्मा की श्री स्पोर्ट आल ऐसे सीरीज का शुभारम्भ करते हुए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कही। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सदानी, गोर्वधन प्रसाद सक्सेना, राज्य सभा सदस्य प्रतिनिधि प्रदीप सादानी, माली समाज के लीला अध्यक्ष संतोष पुष्पद, नगर अध्यक्ष शिव काका, डॉ हेमेंद्र सिंह सोलंकी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, डॉ अंकित यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतः में कैलाश शर्मा द्वारा सभी का आभार प्रगट किया।

## छात्रा ने बॉक्सिंग में किया नाम रोशन



**खाचरोद।** श्री राज राजेन्द्र जयंत सेन विद्या पीठ, खाचरौद की छात्रा अनुष्का शर्मा ने खेलो एम.पी. बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर का गौरव बढ़ाया है।यह प्रतियोगिता 27 जनवरी 2026 से 01 फरवरी 2026 तक भोपाल में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश भर से खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच अनुष्का शर्मा ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास से यह सफलता हासिल की।इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वीणा कुंडी, क्रीड़ा शिक्षक - विकास धाकड़ एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्रा को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।



# सर्दियों में प्रोटीन के लिए ये सब्जियां हैं बेस्ट

## सेहत को मिलेंगे और भी कई फायदे

ठंड के दिनों में प्रोटीन की कमी को पूरा करने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ सब्जियों को शामिल कर सकते हैं। अच्छी बात यह है कि हम इस लेख जिन सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं, उसके अन्य भी कई स्वास्थ्य लाभ है, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं।

सर्दियों के मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने और मांसपेशियों की मजबूती के लिए प्रोटीन एक जरूरी पोषक तत्व है। अक्सर लोगों के मन में सवाल रहता है कि ठंड के दिनों में प्रोटीन के लिए किन सब्जियों को डाइट में शामिल करना चाहिए। आइए इस लेख में ऐसी ही कुछ सब्जीयों के बारे में जानते हैं। इन सब्जियों का सेवन न केवल शरीर में अमीनो एसिड की कमी को पूरा करता है, बल्कि इनमें मौजूद फाइबर और विटामिन्स पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने और त्वचा में चमक लाने में भी मदद करते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, हरी मटर, ब्रोकली, पालक और मशरूम जैसी सब्जियां सर्दियों की डाइट के लिए 'सुपरफूड' मानी जाती हैं। ये सब्जियां न केवल वजन घटाने में सहायक हैं, बल्कि इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को मौसमी संक्रमणों से भी बचाते हैं। इस लेख में हम विस्तार से जानेंगे कि ये चार सब्जियां आपके स्वास्थ्य के लिए क्यों जरूरी हैं और इन्हें खाने से शरीर को कौन-कौन से अद्भुत लाभ मिलते हैं।

### हरी मटर और ब्रोकली



हरी मटर में भरपूर प्रोटीन होता है, जो इसे मांसपेशियों के निर्माण के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है। इसमें मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, जिससे वजन नियंत्रित रहता है। दूसरी ओर, ब्रोकली न केवल प्रोटीन से भरपूर है, बल्कि इसमें विटामिन-उ और ङ भी प्रचुर मात्रा में होते हैं। ब्रोकली का सेवन हड्डियों को मजबूत बनाने और शरीर में कोलेजन के स्तर को बढ़ाने में सहायक होता है।

### पालक



पालक को अक्सर केवल आयरन के स्रोत के रूप में देखा जाता है, लेकिन यह प्लांट बेस्ड प्रोटीन का भी एक शानदार विकल्प है। पके हुए पालक में प्रति कप पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और फोलेट पाया जाता है, जो खून के निर्माण और एनर्जी लेवल को बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है। पालक में मौजूद नाइट्रेट्स ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और हृदय की कार्यक्षमता में सुधार करने में मदद करते हैं, जो सर्दियों में हार्ट हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होते है।

### मशरूम



मशरूम को 'वेजिटेबल मीट' कहा जाता है क्योंकि इसमें सभी नौ आवश्यक अमीनो एसिड पाए जाते हैं। यह विटामिन-ऊका इकलौता शाकाहारी स्त्रोत भी है, जो सर्दियों में धूप की कमी को पूरा करने में मदद करता है। मशरूम में मौजूद सेलेनियम और एंटीऑक्सीडेंट्स कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं और इम्युनिटी को इतना मजबूत कर देते हैं कि शरीर सर्दी-जुकाम जैसे वायरल इन्फेक्शन से लड़ने में सक्षम हो जाता है।

### संतुलित आहार से बनाएं सर्दियों को सेहतमंद

सर्दियों में प्रोटीन युक्त इन सब्जियों को सूप, सलाद या सब्जी के रूप में शामिल करना एक अच्छा विकल्प है। यह न केवल आपको ऊजार्वान बनाए रखता है, बल्कि प्रोसेस्ड फूड की क्रेविंग को भी कम करता है। ध्यान रखें बेहतर स्वास्थ्य के लिए विविधता जरूरी है, इसलिए इन सब्जियों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

# बिना मस्कारा के पलकें लगेंगी खूब घनीं, बस करें ये काम

**अगर आपको मेकअप करना पसंद नहीं है तो कुछ घरेलू नुस्खे आजमाकर अपनी पलकों को प्राकृतिक रूप से घना बनाएं।**



घनी और लंबे पलकें हर किसी की चाहत होती हैं, इसके लिए बहुत सी महिलाएं मस्कारा या नकली लैशेस पर निर्भर रहती हैं। पर, क्या आप जानती हैं कि बिना मस्कारा लगाए भी आपकी पलकें घनी और सुंदर दिखाई दे सकती हैं? सही देखभाल और कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप अपनी पलकें नेचुरल तरीके से मजबूत और घनी बना सकती हैं।

दरअसल, आपको पहले ये जानने की जरूरत है कि पलकें समय, धूल, मेकअप और तनाव के कारण कमजोर हो सकती हैं, इसलिए उनकी नियमित देखभाल बेहद जरूरी है। घरेलू उपाय और सही पोषण से आपकी पलकें लंबी और घनी दिख सकती हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कौन से आसान और असरदार तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर आप मस्कारा या एक्सटेंशन के बिना ही नेचुरल और खूबसूरत पलकें पा सकती हैं।

### नारियल तेल या कैस्टर ऑयल से मालिश

- पलकें कमजोर लग रही हों तो सोने से पहले हल्के हाथों से नारियल तेल या कास्टर ऑयल लगाएं।
- तेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को मजबूत बनाते हैं और टूटने से रोकते हैं।
- रोजाना मालिश करने से पलकें घनी और लम्बी दिखने लगती हैं।

### विटामिन ई का इस्तेमाल

- विटामिन ई कैप्सूल को चुभाकर उसका तेल सीधे पलकें पर लगाएं।
- विटामिन ई बालों की ग्रोथ बढ़ाने, उन्हें स्वस्थ रखने और टूटने से बचाने में मदद करता है।
- सप्ताह में 3-4 बार इसका इस्तेमाल काफी फायदेमंद रहता है।

### एलोवेरा जेल का नेचुरल कंडीशनर

- एलोवेरा में मौजूद नमी और पोषक तत्व पलकें मुलायम और मजबूत बनाते हैं।
- हल्के हाथों से पलकें पर रोजाना जेल लगाएं।
- इससे पलकें टूटती नहीं हैं और धीरे-धीरे ये घनी हो जाती हैं।

### मेकअप से ब्रेक लें

- लगातार मस्कारा, आईलाइनर या फेक लैशेस का इस्तेमाल करने से पलकें कमजोर और टूटने लगती हैं।
- हफ्ते में कुछ दिन बिना मेकअप रहें।
- इससे पलकों को आराम मिलेगा और ये प्राकृतिक रूप से घनी होंगी।

### साफ-सफाई का ध्यान रखें

- सोने से पहले पलकें पूरी तरह साफ करें और मेकअप अवशेष हटाएं।
- गंदगी या मेकअप के कारण पलकें कमजोर और झड़ती हैं।
- रोजाना सफाई से पलकें स्वस्थ और घनी बनी रहती हैं।

### संतुलित और पौष्टिक आहार

- पलकें मजबूत होने के लिए शरीर को प्रोटीन, आयरन और विटामिन्स चाहिए।
- अंडा, दूध, हरी सब्जियां, बीन्स और नट्स का सेवन करें।
- सही आहार बालों की जड़ें मजबूत बनाता है और ग्रोथ बढ़ाता है।



**भारत और अफगानिस्तान की अंडर-19 टीमों के बीच बुधवार को विश्व कप का सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम अपना छठा खिताब जीतने के करीब पहुंच गई है और वह इससे दो कदम दूर है।**

# रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने उतरेगा भारत सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से सामना

**हरारे।** आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली भारतीय अंडर-19 टीम अफगानिस्तान के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप में अपना विजयी अभियान जारी रखने उतरेगी। भारतीय टीम टूनार्मेंट में अब तक अजेय चल रही है और उसका बुधवार को सेमीफाइनल में सामना अफगानिस्तान से होगा। इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।



### क्यों भारी है भारत का पलड़ा?

विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं।

बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन बनाकर अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अपने अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें।

ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा एक और भारतीय बल्लेबाज हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाया था।

कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने पांच मैचों में सिर्फ 99 रन बनाए हैं जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 53 रन है।

भारतीय गेंदबाजी की कमान दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश के हाथ में है। इन दोनों तेज गेंदबाजों को स्पिनर खिलन पटेल का भी अच्छा सहयोग मिला है, जिन्होंने पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं।

म्हात्रे और मल्होत्रा गेंदबाजी में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मल्होत्रा ने अभी तक टूनार्मेंट में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से पांच विकेट लेने के अलावा भारत की तरफ से एकमात्र शतक भी लगाया है।

### अफगानिस्तान को कम आंकने की भूल पड़ सकती है भारी

भारत ने अब तक टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूनार्मेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी, लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है।

# एशियाई ओलंपिक क्वालिफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है। एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे।



एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की। एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने पत्र में कहा, 'हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।' पत्र में कहा गया है, 'हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।'

एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार ने कहा, 'यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नई दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे।'

उन्होंने कहा, 'एशियाई चैंपियनशिप की तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने प्रमुख प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी करने की हमारी क्षमताओं पर भरोसा दिखाया है। इससे निशानेबाजी में भारत के बढ़ते प्रभाव और आईएसएसएफ का हम पर भरोसे का पता चलता है।' सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत इन दोनों प्रतियोगिताओं का पूरा फायदा उठाकर अधिक से अधिक कोटा स्थान हासिल करेगा।

# वार्म-अप मैच में भारत ए ने अमेरिका को 38 रन से हराया, विश्व कप से पहले तिलक वर्मा की दमदार वापसी

**नवी मुंबई।** टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले इस टूनार्मेंट के आगाज में अब चार दिन का समय शेष है। सोमवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर खेले गए वॉर्म-अप मैच में भारत ए ने अमेरिका को 38 रन से हरा दिया। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय ए टीम ने नारायण जगदीशन के शतक और आयुष बदोनी के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए। जवाब में अमेरिका की टीम 19.4 ओवर में 10 विकेट पर 200 रन ही बना सकी। भारत के लिए रवि बिश्नोई ने तीन विकेट हासिल किए जबकि खलील अहमद और नमन धीर को एक-एक सफलता प्राप्त हुई।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### मां नहाने गई इस बीच युवती ने लगाई फांसी, बिल्डिंग से गिरे मजदूर की भी मौत

**इंदौर।** इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में रहने वाली 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसकी मां बाथरूम में नहा रही थी। इसी दौरान युवती ने दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। लसूडिया पुलिस के अनुसार, प्रमिला (18), पिता जीतू मोरे ने सोमवार देर शाम अपने घर में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे देखा और नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा, लेकिन मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि प्रमिला ने आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और घर पर ही रहती थी। परिवार को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रमिला की तीन छोटी बहनें और एक भाई है। उसके पिता एक प्रशासनिक अधिकारी की गाड़ी चलाते हैं और घटना के समय ड्यूटी पर थे। भाई-बहन घर के बाहर वाले कमरे में थे। इंदौर के पास खुडैल इलाके में एक निमार्णाधीन बिल्डिंग में काम के दौरान हादसा हो गया। सोमवार शाम चौथी मंजिल पर काम कर रहा एक मजदूर संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, जीवन (32), पिता गणेश, निवासी देवास, निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहा था। काम के दौरान चौथी मंजिल पर उसका पैर फिसल गया और वह सीधे जमीन पर आ गिरा। तेज आवाज सुनकर अन्य मजदूर मौके पर पहुंचे और घायल हालत में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लापरवाही के पहलुओं पर जांच कर रही है।

### ज्वेलर्स के घर धमकी भरे लेटर के साथ पिस्टल, पुलिस तलाश में जुटी

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी में शुक्रवार रात सनावद गए एक ज्वलेर्स के घर पर धमकी भरे लेटर के साथ एक गिफ्ट पहुंचा। यहां गिफ्ट के अदंर जंग लगी देसी पिस्टल थी। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज निकाले। जिसमें मुंह पर गमछा बांधे आरोपी कैद हुआ है। पुलिस की टीम अब इस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है। द्वारकापुरी के रिलेक्स गार्डन के पीछे महेश पटेल पत्नी बच्चों के साथ रहते हैं। यहां शुक्रवार को जब उनकी पत्नी घर पर थी। तब एक व्यक्ति उनके हाथ में पार्सल देकर गया। जब महिला ने पार्सल खोला तो उसमें एक लाल पैकिंग थी। अंदर बक्से में देसी पिस्टल रखी मिली और वहीं एक पत्र भी था, जिसमें महेश पटेल का नाम लिखा था। धमकी के साथ बात नहीं मानने पर परिणाम भुगतने की बात कही। दूसरी तरफ पुलिस के पास जब मामला पहुंचा तो उन्होंने प्रकरण दर्ज कर पार्सल भेजने वाले की तलाश के लिए टीम बनाई है। पुलिस को इलाके में लगे एक कैमरे से सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। जिसमें टोपी पहने एक युवक दिखा है। उसी ने महेश पटेल के यहां गिफ्ट सौंपा था। महेश शिवाय ज्वेलर्स के नाम से काम करते हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने सराफा इलाके में दुकान खोली है। पुलिस प्रॉप्रटी विवाद और रुपए के लेनदेन के एंगल पर जांच कर रही है। हालांकि पुलिस को सीसीटीवी में दिखे आरोपी की भी जानकारी नहीं मिली है। महेश की पत्नी ने भी बताया कि जब युवक घर आया तो उसका चेहरा ढंका हुआ था।

### पत्नी की हत्या में आरोपी को उम्र कैद मासूम बेटियों की गवाही से पिता सलाखों के पीछे

**इंदौर।** चरित्र शंका में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को जिला कोर्ट ने उम्र कैद से दंडित किया है। खास बात यह कि केस में उसकी दोनों मासूम बेटियों और फोरेंसिक एक्सपर्ट की गवाही अहम रही। इस कारण आरोपी को सजा हुई। चूंकि पिता को उम्र कैद हुई है और मां भी इस दुनिया में नहीं है को देखते हुए कोर्ट ने दोनों बच्चियों के पुनर्वास और मुआवजे को लेकर भी निर्देश दिए हैं। आरोपी का नाम भारत पटेल (48) निवासी जवाहर टेकरी है। घटना 19 मई 2024 की रात 9 बजे भारत के घर में ही हुई थी। भारत का पत्नी रचना उर्फ लक्ष्मी से घर से बिना पूछे इधर-उधर जाने की बात पर विवाद हुआ। दरअसल वह उस पर शंका करता था। इस दौरान विवाद बढ़ा और भारत ने उसकी लात-मुक्कों से पिटाई शुरू कर दी। इस पर उसकी बेटियों डॉली (13) और कृष्णा (12) ने पिता को रोका तो भारत ने कहा कि तुम दोनों हमेशा मां का ही पक्ष लेती हो और लोहे की मूसली से पत्नी की पिटाई करता रहा। इस दौरान दोनों बेटियां रोकर गुहार करती रही कि मां को छोड़ दो लेकिन वह नहीं माना और पीटता रहा। दोनों बेटियों ने अपने मामा कैलाश को फोन लगाकर बुलाया। वे पहुंचे तब तक रचना मरणासन्न हो गई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया। मामले में चंदन नगर पुलिस ने भारत के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस ने 22 अगस्त 2024 को कोर्ट में चालान पेश किया। इसमें फरियादी बड़ी बेटी डॉली की ओर से रिपोर्ट की गई थी। सुनवाई में डॉली, छोटी बेटी कृष्णा, मामा कैलाश, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉ. भरत वाजपेयी सहित 10 लोगों की गवाही हुई। इसके साथ ही परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के रूप में मूसली, चप्पल, कपड़े जब्त कर सबूत के रूप में थे।

## निगम कमिश्नर ने पानी की सप्लाई और सफाई का निरीक्षण किया

### अंबिकापुरी में सफाई ठीक नहीं मिलने पर दरोगा को हटाया, लोगों से ली जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने मंगलवार को जोन क्रमांक-13 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई और पानी की सप्लाई व्यवस्था देखी। वे भोलाराम उस्ताद मार्ग, पिपलिया राव रिंग रोड, अंबिकापुरी क्षेत्र, गोकुलधाम कॉलोनी, विष्णुपुरी, पिपलिया पाला और रीजनल पार्क इलाके में पहुंचे और व्यवस्थाओं को देखा।

अंबिकापुरी इलाके में दूषित पानी सप्लाई और सीवर ओवरफ्लो की शिकायत आ रही थी। कमिश्नर ने वहां पानी की सप्लाई और सीवेज लाइनों को देखा और यहां गंदगी मिलने पर संबंधित सीएसआई और एनजीओ के प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुए कहा कि ये स्थान किसी भी हालत में कचरा पाइंट न बने। अंबिकापुरी इलाके में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर क्षेत्रीय दरोगा चेतन लोट को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए। वहीं संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे राहुल गांधी नगर इलाके में पानी की सप्लाई और गंदे पानी की समस्या के समाधान के काम को देखने पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों से भी चर्चा की। लोगों ने बताया कि पूर्व में गंदा पानी आता था, लेकिन सुधारात्मक कामों के बाद पानी साफ मिल रहा है। निगम कमिश्नर ने लोगों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन में ही कचरा देने और सार्वजनिक जगहों पर कचरा ना फैलाने की अपील भी की।

- गोकुलधाम कॉलोनी में दूषित पानी की समस्या के निराकरण के लिए किए कामों और इलाके में हो रहे नर्मदा पानी की सप्लाई को देखा। उन्होंने ऑन द स्पॉट ही इलाके में हो रहे पानी सप्लाई में क्लोरिनेशन चेक कराया, जिसमें पानी शुद्ध पाया गया। इसके बाद विष्णुपुरी एनएक्स में दूषित पानी की समस्या निराकरण के बाद इलाके में दौरा किया और लोगों से बातचीत की।
- निगम कमिश्नर सिंघल ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, सीएसआई और विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि उनके अधीनस्थ सभी कर्मचारी नियत समय और निर्धारित जगह पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन निर्धारित समय पर इलाके में नहीं निकलें तो संबंधित विभाग प्रमुख व अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मंगेतर पर दर्ज कराया दुष्कर्म का केस

## जबरिया संबंध बनाने का आरोप

**कॉल सेंटर पर काम के दौरान हुई थी पहचान आरोपी हिरासत में**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाली एक युवती ने अपने ही मंगेतर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में संपर्क तोड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक पीड़िता मूल रूप से भोपाल के पास की रहने वाली है और वर्ष 2017 से इंदौर में रहकर एक कॉल सेंटर में काम कर रही है। इसी दौरान उसकी पहचान भोपाल निवासी पवन अहिरवार से हुई। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और प्रेम संबंध बन गए। पवन ने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसकी जानकारी पीड़िता ने वर्ष 2023 में अपने परिवार को दी।

परिजनों की सहमति के बाद मार्च 2023 में दोनों की सगाई करवाई गई। सगाई के बाद से ही आरोपी का व्यवहार बदल गया। पीड़िता के मुताबिक पवन उससे विवाद करने लगा, मारपीट और अपशब्द कहने लगा। इसी बीच उसे पता चला कि पवन किसी अन्य युवती को भी डेट कर रहा है। इस पर पवन ने यह कहकर बात टाल दी कि वह सिर्फ उसकी परिचित है।

पीड़िता का आरोप है कि 3 जनवरी को पवन उसे सफाई देने कमरे पर आया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। लगातार संपर्क न हो पाने के कारण पीड़िता मानसिक तनाव और डिप्रेशन में चली गई, जिसके बाद उसने पूरे मामले की जानकारी अपने परिवार को दी।

आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफ:- लड़के/ लड़की,
पद:- 6 योग्यता :- 12वीं पास
सैलरी :- 15000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है -
2 पद : सैलरी 8000/-
स्थान:- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपूरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 8/02/2026 रविवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षो से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतन:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांडू बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाड़ी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय माता दी
नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें। संपर्क करें
मो. 6262369656

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समय: दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com